विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 116 | कोरबा, रविवार, दिनांक 25 जनवरी 2026 डाक 26 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी ऑफिस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



**देश-विदेश**
अब सीईओ को बीएलओ पर सीधी कार्रवाई का अधिकार, चुनाव आयोग ने लिया अहम फैसला




**कोरिया पेज**
स्व. विजय शर्मा की स्मृति में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान सराहनीय : महापौर संजू देवी राजपूत



# वोटर होना संवैधानिक अधिकार के साथ एक कर्तव्य भी, राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं से पीएम मोदी की खास अपील



**नईदिल्ली 25 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता होना सिर्फ एक संवैधानिक अधिकार नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है जो हर नागरिक को भारत के भविष्य को आकार देने में आवाज देता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने के प्रयासों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की भी प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय मतदाता दिवस का यह दिन हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों में हमारे विश्वास को और गहरा करने का है। हमारे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने के प्रयासों के लिए मैं भारत निर्वाचन आयोग से जुड़े सभी लोगों की सराहना करता हूं। मतदाता होना सिर्फ एक संवैधानिक अधिकार नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है जो हर नागरिक को भारत के भविष्य को आकार देने में आवाज देता है। हम हमेशा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हिस्सा लेकर अपने लोकतंत्र की भावना का सम्मान करें, जिससे एक विकसित भारत की नींव मजबूत हो। उन्होंने इस अवसर पर माय भारत के वॉलंटियर्स के लिए एक पत्र भी लिखा है। उन्होंने आग्रह किया है कि जब हमारे आसपास का कोई युवा साथी पहली बार मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड हो, तो हमें उस खुशी के मौके को मिलकर सेलिब्रेट करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा, देश के एक नागरिक के रूप में आपसे जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आप सभी की तरह भारतीय लोकतंत्र पर मुझे भी अत्यंत गर्व है। भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है और यह सही भी है।

हमें इस बात पर भी गर्व है कि भारत लोकतंत्र की जननी है, जिसके लोकतांत्रिक मूल्यों का इतिहास सदियों पुराना है। डेमोक्रेसी, डिबेट और डायलॉग हमारी संस्कृति में रचे-बसे हैं। देश में आम चुनाव की शुरुआत 1951 में हुई थी, यानी इस वर्ष हम उसके 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। 1952 में संपन्न हुए इस चुनाव ने दुनिया को बताया कि लोकतांत्रिक भावना भारतीयों के स्वभाव में समाहित है।

## पीएम मोदी ने हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस पर दी बधाई, समृद्धि की कामना

**नई दिल्ली 25 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के लोगों को प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने एक पोस्ट में शुभकाममना देते हुए देवभूमि की समृद्धि की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रकृति और संस्कृति की संगमस्थली हिमाचल प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। अपनी अद्भुत प्रतिभा और पराक्रम से वे सदैव मां भारती की सेवा करते आए हैं। मैं उनके सुनहरे भविष्य के साथ-साथ इस देवभूमि की समृद्धि की कामना करता हूं।

## मन की बातः भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप्स इकोसिस्टम, इस यात्रा के हीरो हमारे युवा : पीएम

**नईदिल्ली 25 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2026 के पहले मन की बात कार्यक्रम में देश के युवाओं की प्रशंसा की है। स्टार्टअप इंडिया के 10 साल की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दस साल पहले जनवरी 2016 में हमने एक महत्वपूर्ण सफर शुरू किया। तब हमें इस बात का एहसास था कि भले ही ये एक छोटा क्यों ना हो, लेकिन ये युवा पीढ़ी और देश के भविष्य के लिए काफी अहम है। यह स्टार्टअप इंडिया की यात्रा है और इस अद्भुत यात्रा के हीरो हमारे युवा साथी हैं। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप्स इकोसिस्टम बना। ये स्टार्टअप्स इकोसिस्टम लीक से हटकर हैं। वे ऐसे सेक्टर में काम कर रहे हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। एआई, स्पेस, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन और बायोटेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर में न कोई भारतीय स्टार्टअप काम करते हुए दिखेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं अपने उन सभी युवा-साथियों को सेल्यूट करता हूं, जो किसी-न-किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या फिर अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएमने मन की बात के माध्यम से देशवासियों, खासकर इंडस्ट्री और स्टार्टअप से जुड़े युवाओं से आग्रह करते हुए कहा, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत पर दुनिया की नजरें हैं।

ऐसे समय में हम सब पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। वह जिम्मेदारी है गुणवत्ता पर जोर देने की। इस वर्ष हम पूरी ताकत से गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। उन्होंने आगे कहा, हम सबका एक ही मंत्र हो, गुणवत्ता, गुणवत्ता और सिर्फ गुणवत्ता। हम जो भी उत्पादन कर रहे हैं, उसकी गुणवत्ता को बेहतर बनाने का संकल्प लें। हमारे टेक्सटाइल, टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स, यहां तक कि पैकेजिंग भी, भारतीय उत्पाद का मतलब उच्च गुणवत्ता होना चाहिए।


# घुसपैठियों ने थाम ली कमान, तबाह हो रही विरासत रोहिणी आचार्य ने राजद नेतृत्व पर उठाए सवाल



**पटना, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने रविवार को पार्टी की मौजूदा स्थिति, नेतृत्व की भूमिका और आंतरिक हालात पर कई सवाल खड़े किए हैं। रोहिणी के इस बयान को राजद के भीतर चल रही वैचारिक और संगठनात्मक खींचतान के रूप में देखा जा रहा है। रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जो सही मायनों में लालूवादी होगा, जिस किसी ने भी लालू जी के द्वारा हाशिए पर खड़ी आबादी-वंचितों के हितों के लिए मजबूती से लड़ने वाली खड़ी की गयी पार्टी के लिए निःस्वार्थ भाव से संघर्ष किया होगा, जिस किसी को भी लालू जी के द्वारा सामाजिक-आर्थिक न्याय के लिए किए गए सतत संघर्ष एवं प्रयासों का गौरवबोध होगा, जिसे लालू जी की राजनीतिक विरासत और विचारधारा को गर्व के साथ आगे ले जाने की परवाह होगी, वो अवश्य ही पार्टी की मौजूदा बदहाली के लिए जिम्मेवार लोगों से सवाल करेगा एवं ऐसे लोगों की संदिग्ध-संदेहास्पद भूमिका के खिलाफ अंजाम की परवाह किए बिना अपनी आवाज उठाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान की कड़वी, चिंताजनक एवं दुःखद सच्चाई यही है कि आज जनता के हक-हकूक की लड़ाई लड़ने के लिए जानी जाने वाली, जन-जन की पार्टी की असली कमान फासीवादी विरोधियों के द्वारा भेजे गए वैसे घुसपैठियों-साजिशकर्ताओं के हाथों में है, जिन्हें लालूवाद को तहस-नहस करने के टास्क के साथ भेजा गया है; कब्जा जमाए बैठे ऐसे लोग अपने गंदे मकसद में काफी हद तक सफल होते भी दिखते हैं। रोहिणी ने पोस्ट में आगे लिखा, नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रहे को सवालों से भागने, सवालों से बचने, जवाब देने से मुंह चुराने, तार्किक-तथ्यात्मक जवाब देने की बजाए भ्रम फैलाने, लालूवाद व् पार्टी की हित की बात करने वालों के साथ दुर्व्यवहार, अभद्र आचरण, अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने की बजाए अपने गिरेबान में झांकना होगा और अगर वो चुप्पी साधता है, तो उस पर साजिश करने वाले गिरोह के साथ मिलीभगत का दोष और आरोप स्वतः ही साबित होता है।

## रामपुर में पराली से भरी ट्रॉली में लगी भीषण आग, हाईवे पर लगा लंबा जाम



**रामपुर।** जनपद के टांडा क्षेत्र में टांडा मुरादाबाद मुख्य मार्ग पर पराली लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में अचानक आग भड़क उठी। चालक जलती हुई ट्रॉली को नगर से बाहर ले गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी ट्राली जल चुकी थी। बिलासपुर निवासी महेंद्र सिंह अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली में पराली लेकर देर रात में मुरादाबाद के बेलवाड़ा स्थित राणा शुगर मिल लेकर जा रहा था। इसी बीच नगर के सदर बाजार में कोतवाली के पास किसी वाहन चालक ने उसकी ट्रॉली में आग लगने की जानकारी दी, किसान ने समझदारी का परिचय देते हुए ट्राली को आगे ले गया और कार वॉश सेंटर पर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, बल्कि आग और भड़क गई। इसके बाद चालक ट्राली को आगे बादली पुल के पास ले गया।

## लुधियाना में अकाल दल वारिस पंजाब दे के नेता जसंवत सिंह चीमा पर फायरिंग, इनोवा की खिड़की में लगी गोली

**खन्ना (लुधियाना) 25 जनवरी।** खन्ना के दोराहा में अकाली दल वारिस पंजाब दे के सीनियर नेता जसवंत सिंह चीमा पर फायरिंग की घटना सामने आई है। यह घटना उस समय हुई जब जसवंत सिंह चीमा लुधियाना से अपनी इनोवा गाड़ी में दोराहा की ओर आ रहे थे। रास्ते में दोराहा के गुरथली पुल के पास बाइक सवार दो लोगों ने उनकी गाड़ी को रोकने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार अंधेरा होने के कारण जसवंत सिंह चीमा को आशंका हुई कि गाड़ी रोकने की कोशिश करने वाले गलत तत्व हो सकते हैं। इसी शक के चलते उन्होंने अपनी गाड़ी नहीं रोकी और आगे बढ़ा ली। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उनकी गाड़ी पर फायर कर दिया। गोली सीधी इनोवा गाड़ी की खिड़की में जा लगी।

ADVANCE NEUROPSYCHIATRY CLINIC
ADVANCE Psychiatric Clinic "healthy mind healthy life"
अहमदाबाद के प्रख्यात
न्यूरोसाइकेट्री विशेषज्ञ
अब कोरबा में उपलब्ध
DR. RAJANI VERMA
MBBS, DNB PSYCHIATRY
NEUROPSYCHIATRIST AND DEADDICTION SPECIALIST
MBBS - PT JNM MEDICAL COLLEGE, RAIPUR
DNB HOSPITAL FOR MENTAL HEALTH, AHMEDABAD
4 YEARS OF EXPERIENCE
सोमवार से शनिवार - सुबह 10 से 2, शाम 5 से 8 बजे तक।
उपलब्ध सुविधाएं
- सिज़ोफ्रेनिया (शक और भ्रम की बीमारी)
- अवसादग्रस्त विकार
- चिंता विकार
- द्विध्रुवी विकार
- डर / फोबिया
- हिस्टीरिया (भूत-प्रेत या आत्मा आने की गलत धारणा)
- अनीच्छनीय क्रिया विकार (ओ.सी.डी.)
- आघात व तनाव से संबंधित विकार
- स्वभावगत विकार
- मिर्गी / अपस्मार
- डिमेंशिया (याददाश्त कमजोर होना)
- नींद से संबंधित विकार
- आधाशीशी / माइग्रेन
- बच्चों में व्यवहार संबंधी विकार
- न्यूरो-डेवलपमेंटल विकार
- यौन विकार
- व्यसन / नशे की लत
पता - फर्स्ट फ्लोर, एडवांस डायग्नोस्टिक सेण्टर, कोरबा
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें - 7879165185

# टी20 वर्ल्ड कप को लेकर पाकिस्तान की धमकी पर आईसीसी हुआ आगबबूला, पीसीबी को दे डाली बर्बाद करने की चेतावनी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के टी20 वर्ल्ड कप-2026 के बाहर होने के बाद अब पाकिस्तान भी इसी राह पर चलने की धमकी दे रहा है। आईसीसी के बांग्लादेश को बाहर कर स्कॉटलैंड को मौका देने के ऐलान के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने टूर्नामेंट के बायकॉट की धमकी दी थी। इसे लेकर अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने उसे चेतावनी दी है। मोहसिन का बयान आईसीसी को रास नहीं आया है और अगर पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप से बाहर जाने का रास्ता चुनता है तो पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाया जा सकता है जो उसके इंटरनेशनल क्रिकेट को बर्बाद भी कर सकता है।

आईसीसी के बांग्लादेश को बाहर किए जाने के फैसले को लेकर नकवी ने क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था पर हमला बोला था और उस पर दोहरे मापदंड अपनाने के आरोप लगाए थे। नकवी ने बांग्लादेश का साथ देते हुए कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भी टी20 वर्ल्ड कप का बायकॉट कर सकता है। नकवी के बयान से आईसीसी खुश नहीं है। अगर पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप से नाम वापस लेता है तो आईसीसी उसके खिलाफ ऐसा कदम उठाने को तैयार है जो उसे इंटरनेशनल क्रिकेट में बिल्कुल अलग-थलग कर देगा। इसमें सभी द्विपक्षीय सीरीजों से बाहर करना, एशिया कप से बाहर करना, विदेशी खिलाड़ियों को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में हिस्सा लेने से रोकने के लिए आईसीसी के बोर्ड सदस्यों को अपने खिलाड़ियों को एनओसी न देने की पॉलिसी लाना शामिल है। इस तरह की पाबंदियां पीसीबी की प्राथमिक आय को ही नहीं बल्कि घरेलू क्रिकेट में उसकी कर्मशियल वेल्यू को भी काफी बड़ा झटका देंगी। इससे पाकिस्तान की नेशनल टीम के पास आईसीसी के बड़े इंवेट्स के अलावा कोई और इंटरनेशनल मैच नहीं बचेगा।

# 5-डे वर्क वीक की मांग को लेकर बैंक यूनियनों ने 27 जनवरी को देशभर में हड़ताल का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख बैंक कर्मचारी और अधिकारी यूनियनों ने बैंकिंग सेक्टर में पांच दिन काम करने की व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर 27 जनवरी को देशभर में हड़ताल करने का ऐलान किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह हड़ताल 26 जनवरी की आधी रात से शुरू होकर 27 जनवरी की आधी रात तक चलेगी। इस दौरान देशभर में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की ओर से बुलाई गई है। यह संगठन नौ बैंक यूनियनों का संयुक्त मंच है। हड़ताल की सूचना इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए), मुख्य श्रम आयुक्त और वित्तीय सेवा विभाग को औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत भेजी गई है। यूनियनों के अनुसार, उनकी मुख्य मांग है कि सरकार सभी शनिवार को बैंकों की छुट्टी घोषित करें, ताकि बैंकिंग सेक्टर में पांच दिन काम और दो दिन छुट्टी की व्यवस्था लागू हो सके। यूएफबीयू ने बताया कि इंडियन बैंक्स एसोसिएशन पहले ही इस प्रस्ताव को सरकार के पास भेज चुकी है। यह सिफारिश 7 दिसंबर 2023 को आईबीए और यूएफबीयू के बीच हुए समझौते पर आधारित है, जिसके बाद 8 मार्च 2024 को समझौता और संयुक्त नोट जारी किया गया था। हालांकि, यूनियनों का कहना है कि यह प्रस्ताव अभी तक सरकार और बैंकिंग नियामकों की अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। यूनियनों ने यह भी स्पष्ट किया कि पांच दिन काम करने की मांग कोई नई मांग नहीं है। इसकी शुरुआत 2015 में हुई थी, जब बैंकों में हर महीने दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी दी जाने लगी थी। तब से लेकर अब तक आईबीए के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है और कई मुद्दों पर सहमति भी बनी है।

## 9 जिलों में भारी बारिश का अनुमान, दो दिनों तक मौसम खराब रहने की उम्मीद

**चेन्नई।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) चेन्नई ने रविवार को तमिलनाडु के नौ जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है और निवासियों को सावधान रहने की चेतावनी दी है, क्योंकि अगले दो दिनों तक मौसम खराब रहने की उम्मीद है। चेन्नई क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनी पूर्वी हवा मौजूदा बारिश की मुख्य वजह है। इस सिस्टम के कारण, तमिलनाडु के कई हिस्सों में कम से कम दो दिनों तक बारिश होने की संभावना है।

## बांग्लादेश में नहीं थम रहा हिंदुओं की हत्या का सिलसिला, सोते हुए गराज कर्मचारी को जिंदा जलाया

**नई दिल्ली 25 जनवरी।** बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नरसिंगदी में एक 23 साल के हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान चंचल चंद्र भौमिक के रूप में हुई है। चंचल गराज में काम करता था। रात में सोते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे आग के हवाले कर दिया। ये घटना बांग्लादेश की राजधानी ढाका से महज 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नरसिंगदी में घटी है। चंचल की मौत के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। चंचल नरसिंगदी के लक्ष्मीपुर गांव का निवासी था। वो खानाबाड़ी मस्जिद के पास एक बाजार में गराज की दुकान पर काम करता था। रात को चंचल काम खत्म करने के बाद गराज में ही सोने लगा।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### ग्राम पंचायत खोडरी ( प )


श्री धनमान सिंह, सरपंच — श्री बहादुर सिंह, सचिव

### ग्राम पंचायत सारिसमार


श्रीमती संगीता सरोठिया, सरपंच — श्री मोहन सिंह, सचिव

### ग्राम पंचायत सिर्री


श्रीमती अनिता मार्को, सरपंच — श्री जगत पाल जगत, सचिव

### ग्राम पंचायत कुम्हारी दर्री


श्रीमती राधाबाई पुहुप, सरपंच — श्री राजेन्द्र जायसवाल, सचिव

### ग्राम पंचायत दुल्लापुर
श्री उजित सिंह कोर्राम, सरपंच — श्री अशोक कुमार, सचिव

### ग्राम पंचायत कोरबी
राजूराम मरावी, सरपंच — श्री मोतीलाल, सचिव

### ग्राम पंचायत झिनपुरी
श्री विष्णु आयम, सरपंच — श्री त्रिभुवन सिंह, सचिव

### ग्राम पंचायत मिसिया
श्री सुरेंद्र कुमार पुहुप, सरपंच — श्री जगत पाल, सचिव

### ग्राम पंचायत सिरमिना
श्रीमती कैलाश पूरन सिंह श्याम, सरपंच — श्री देव कुमार कामडे, सचिव

### ग्राम पंचायत नवापारा ( सि )
श्रीमती रीता कृष्ण कुमार पुलस्त, सरपंच — श्री अमृत लाल, सचिव

श्रीमती राधाबाई पुहुप, सरपंच — श्री राजेन्द्र जायसवाल, सचिव

श्रीमती प्रमिला भुनेश्वर सिंह, सरपंच — श्री जनम प्रसाद, सचिव

### ग्राम पंचायत मोरगा
श्रीमती खिलेश्वरी, सरपंच — श्री जिंद लाल, सचिव

### ग्राम पंचायत धजाक
श्रीमती विराजो बाई, सरपंच — श्री डिलसिंह आडिल्य, सचिव

### ग्राम पंचायत मदनपुर
श्रीमती प्रमिला बाई, सरपंच — श्री भरत पटेल, सचिव

### ग्राम पंचायत पतुरियाडांड
श्रीमती मनीता पैकरा, सरपंच — श्री शिवचरण बिंझवार, सचिव

### ग्राम पंचायत गिद्धमुड़ी
श्री जगतराम पैकरा, सरपंच — श्री दिलीप कुमार, सरपंच

### ग्राम पंचायत अरसिया
श्रीमती चंद्रवती पैकरा, सरपंच — श्री राकेश चुवन, सचिव

### ग्राम पंचायत खिरटी
श्रीमती कौशिल्या बिंझवार, सरपंच — श्री राजेश नायक, सचिव

### ग्राम पंचायत केन्दई
श्रीमती कुंति सिंह बिंझवार, सरपंच — श्री कांशीराम, सचिव

### ग्राम पंचायत साखो
श्री परमल सिंह कंवर, सरपंच — श्री वेंकट रमन प्रताप, सचिव

### ग्राम पंचायत बनिया
श्री मान सिंह मरकाम, सरपंच — श्री कैलाश सिंह कंवर, सचिव

### ग्राम पंचायत चोटिया
श्रीमती प्यारोबाई बिंझवार, सरपंच — श्री जगत पाल, सचिव

### ग्राम पंचायत रावा
श्रीमती जमुना बाई कमरो, सरपंच — श्री सूर्यकांत कश्यप, सचिव

### ग्राम पंचायत केशलपुर
श्रीमती रामबाई कंवर, सरपंच — श्री कुमार सिंह कंवर, सचिव

### ग्राम पंचायत पोड़ी गोसाई
श्री हरिश कुमार पैकरा, सरपंच — श्री वीर सिंह, सचिव

### ग्राम पंचायत खोडरी ( तु. )
श्री जजमान सिंह कंवर, सरपंच — श्री बबुआ राम, सचिव

### ग्राम पंचायत बिंझरा
श्रीमती चंद्रिका देवी पोर्ते, सरपंच — श्री राजेंद्र टंडन, सचिव

### ग्राम पंचायत भांवर
श्रीमती गणेश वीर सिंह मरपच्ची, सरपंच — श्री संतोष सोनवानी, सचिव

### ग्राम पंचायत सिंघिया
श्री मनोज कुमार टेकाम, सरपंच — कुसुम बबीता शर्मा, सचिव

### ग्राम पंचायत मल्दा
श्री जगदीश पोर्ते, सरपंच — कुसुम बबीता शर्मा, सचिव

### ग्राम पंचायत कोरबी ( सि. )
श्री कीर्ति कुमार उइके, सरपंच — श्रीमती महेरून निशा, सचिव

### ग्राम पंचायत सुतर्रा
श्रीमती संतोषी बाई गोंड़, सरपंच — श्री इंद्रपाल, सचिव

### ग्राम पंचायत लखनपुर
श्रीमती प्रभा नागवंशी, सरपंच — श्री दीपक कुमार सारथी, सचिव

### ग्राम पंचायत रामपुर ( ता. )
श्री प्रदीप कुमार सिंद्राम, सरपंच — श्री मुकुंद सिंह, सचिव

### ग्राम पंचायत सरभोंका
श्री गुड्डबहार टोप्पो, सरपंच — श्री गोपाल सिंह, सचिव

### ग्राम पंचायत एतमानगर
श्रीमती शांति धनुहार, सरपंच — श्री सूरज जायसवाल, सचिव

### ग्राम पंचायत बांगो
श्री सुरेंद्र सिंह कंवर, सरपंच — श्री कन्हैया पैकरा, सचिव

### ग्राम पंचायत बांझीबंध
श्रीमती सुशीला कंवर, सरपंच — श्री देव नारायण, सचिव

### ग्राम पंचायत अंडीकछार
श्रीमती अनिता कोर्राम, सरपंच — श्री धनीराम जगत, सचिव

### ग्राम पंचायत चैतमा
श्री राजलाल सिंद्राम, सरपंच — श्री शांति दास मानिकपुरी, सचिव

# सकल सुमंगल दायक रघुनायक गुन गानःराजेश्री महन्त



**जांजगीर चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ग्राम लोधी खपरी (साजा), जिला बेमेतरा में आयोजित श्रीराम कथा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने अयोध्या पुरी धाम से पधारे हुए व्यास पीठ पर विराजित स्वामी मधुसूदनाचार्य का शाल, श्रीफल से स्वागत किया। आचार्य जी ने भी अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोता समूह को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि - आप सभी बड़े ही भाग्यशाली हैं की आचार्य जी की मुखारविंद से श्रीराम कथा के रसपान करने का शुभ अवसर मिला हुआ है, यह हमारे लिए भी गौरव का विषय है कि कुछ समय के लिए ही सही हम यहां पर पहुंच पाए। आचार्य जी परम विद्वान हैं, उनसे हमें भी श्री शिवरीनारायण मठ एवं श्री दूधाधारी मठ में भगवान के चरित्र का रसपान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। भगवान राघवेंद्र सरकार जी का चरित्र सभी प्रकार के मंगल को प्रदान करने वाला है, इसे सुनकर बिना किसी साधन से भवसागर से पार हो जाएंगे। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि सकल सुमंगल दायक रघुनायक गुन गान। सदर सुनहिं ते तरहिं भव सिंधु बिना जल जान। आचार्य जी ने व्यास पीठ की आसंदी से कहा कि - परम पूज्य महाराज जी अत्यंत ही शांत एवं सरल हृदय के महात्मा हैं, आपके जैसे संतों का दर्शन बहुत ही दुर्लभ है। उनकी उपस्थिति से यह स्थल धन्य हो गया है। उनका आशीर्वाद और स्नेह हमें निरंतर प्राप्त होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक अश्वनी तिवारी, क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण एवं श्रोता समूह बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पुटपुरा में नौ दिवसीय देवी भागवत कथा का शुभारंभ

**जांजगीर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पुटपुरा में राठौर परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री देवी भागवत कथा से पूरा गांव अध्यात्म के रंग में रंग गया है। कथा के पहले दिन से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे आयोजन स्थल पर भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है।

इस धार्मिक आयोजन में ग्राम पुटपुरा निवासी कथावाचक राधेश्याम शास्त्री द्वारा देवी भागवत महापुराण का वाचन किया जा रहा है। वे कथा को सरल, भावपूर्ण और संवादात्मक शैली में प्रस्तुत कर रहे हैं। कथा के दौरान देवी के विभिन्न स्वरूप, नारी शक्ति, धर्म, जीवन मूल्य और नैतिक शिक्षा से जुड़े प्रसंगों को ग्रामीण परिवेश से जोड़कर सुनाया जा रहा है, जिससे श्रोताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित हो रहा है। देवी भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जा रही है। इसमें महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

## विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से सामुदायिक भवन निर्माण की मिली स्वीकृति



**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक ब्यास कश्यप का सतत प्रयास एक बार फिर रंग लाया है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रू. ग्राम पंचायत सेमरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रू. ग्राम पंचायत कुथुर में छतदार चबूतरा निर्माण के लिए 10 लाख रू. राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से संबंधित ग्रामों के नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी। सामुदायिक भवन के निर्माण से लोगों को बैठक, प्रशिक्षण, सामाजिक कार्यक्रम, विवाह एवं अन्य आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा।

विधायक ब्यास कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि सामुदायिक भवन केवल एक संरचना नही, बल्कि सामाजिक एकता और विकास का केन्द्र होता है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का सशक्त होना आवश्यक है। क्षेत्र की जन-आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह स्वीकृति दिलाई गई है।स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति पर विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया है। उल्लेखनीय है कि विधायक ब्यास कश्यप द्वारा विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यो की स्वीकृति दिलाने के साथ-साथ सामाजिक अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## श्री हरि राइस मिल में बड़ी कार्रवाई, 21,902 क्विंटल धान जब्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर जिले में अवैध धान भंडारण, कोचियों-बिचौलियों और राइस मिलों के खिलाफ राजस्व एवं खाद्य विभाग द्वारा लगातार जांच एवं छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में 23 जनवरी 2026 को विकासख बलौदा के ग्राम पंचायत कुदरी स्थित श्री हरि राइस मिल में खाद्य विभाग की टीम द्वारा अचानक छापेमारी की गई। जांच के दौरान राइस मिल संचालक अभिनव राठौर मौके पर उपस्थित पाए गए।



भौतिक सत्यापन में राइस मिल में 545 बोरा धान (कुल 218 क्विंटल) की कमी पाई गई। इसके अलावा मिल के रिकॉर्ड संधारण एवं संचालन में गंभीर अनियमितताएं भी सामने आईं।जांच के दौरान टीम द्वारा राइस मिल में मौजूद 54,755 बोरा धान (कुल 21,902 क्विंटल) को प्रशासनिक अभिरक्षा में लेते हुए जब्त किया गया। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में कोचियों, बिचौलियों एवं राइस मिलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अवैध धान को समिति स्तर पर खरीदी में खपाने से रोकने के उद्देश्य से राजस्व, खाद्य, मंडी एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त उड़नदस्ता टीम द्वारा नियमित सत्यापन, गश्त एवं छापेमारी की कार्रवाई निरंतर जारी है।

## बालिकाएं समाज की आधारशिला हैं: मिरी

**जांजगीर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिका सम्मेलन और बालिका सम्मान कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम जांजगीर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत सभापति द्रौपति साहू और अहिल्या खाण्डे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्यलता मिरी ने कहा कि बेटियां समाज और राष्ट्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन महिला सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और ऐसे आयोजन बालिकाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## पिकअप ने मारी टक्कर, दो घायल

**जांजगीर।** जैजैपुर विकासखंड के ग्राम बेलादुला में शादी समारोह के दौरान शुक्रवार शाम लापरवाही से चल रहे डीजे लगे पिकअप वाहन ने दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा भी चोटिल हुआ है। ग्राम हरदीडीह निवासी कृष्णा देवी खूंटे ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी मौसी की ननद की शादी 22 जनवरी से ग्राम बेलादुला में चल रही थी। 23 जनवरी को हरदीयाही की रस्म के बाद उनके पति सुरेन्द्र खूंटे कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। वे बाइक से सरपंच के घर के पास पहुंचे ही थे, तभी ग्राम झालरौंदा की ओर से आ रहे बिना नंबर के डीजे पिकअप वाहन के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में सुरेन्द्र खूंटे के सिर, दाहिने हाथ और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं। इसी दौरान उसी डीजे वाहन ने ग्राम बेलादुला निवासी विजय सागर, पिता कन्हैया लाल सागर की बाइक को भी टक्कर मार दी, जिससे उसके दाहिने हाथ की कलाई और पीठ में चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए शैलेन्द्र तिवारी हुए सम्मानित

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर ने किया सम्मानित



**सक्ती।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मान प्रदान कर शैलेन्द्र तिवारी को उनके सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान शाखा स्तर पर बेहतर कार्य निष्पादन, निष्ठा एवं जिम्मेदारीपूर्वक सेवा देने के लिए प्रदान किया गया है। प्रमाण-पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री तिवारी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, कार्यकुशलता एवं समर्पण के साथ करते हुए संस्था की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके कार्यों से न केवल बैंकिंग व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, बल्कि कर्मचारियों के बीच सकारात्मक कार्यसंस्कृति को भी बढ़ावा मिला है।

इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा ने श्री तिवारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शैलेन्द्र तिवारी ने कहा कि ऐसे सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और कार्य के प्रति समर्पण की भावना मजबूत होती है। सम्मान प्राप्त होने पर शैलेन्द्र तिवारी ने इसे अपने लिए गौरव का विषय बताते हुए पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। यह सम्मान बैंक की पूरी टीम के संयुक्त प्रयास से मिला है।

## पटेल समाज सामाजिक एकता और विकास को बढ़ावा देने कर रहे भवन का निर्माण: सभापति



**जांजगीर चांपा।** जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम अमोरा में 23 जनवरी,दिन शुक्रवार को। पटेल समाज द्वारा संगठित होकर सामाजिक सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति राजकुमार साहू अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पटेल समाज द्वारा सामाजिक एकता और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वयं के खर्च से समाज भवन का निर्माण कराया जा रहा है। यह भवन समाज की बैठकों, धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि भवन निर्माण में किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं ली गई है, बल्कि समाज के लोगों के आपसी सहयोग और आर्थिक योगदान से कार्य किया जा रहा है। इससे समाज में आत्मनिर्भरता और एकजुटता की भावना मजबूत हुई है। समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर सिद्ध होगा। समाजजनों ने भवन निर्माण में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

इस अवसर पर समाज के प्रमुख बाल मुकुंद पटेल,जनपद सभापति आरती तिवारी,सरपंच राकेश कश्यप,आचार्य अमित मिश्रा ,नवल सिंह,खम्हन तिवारी,प्रमोद साहू सहित पटेल समाज से एवं ग्राम से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## निशुल्क योग शिविर का हुआ शुभारंभ



**जांजगीर।** जिला महिला पतंजलि योग समिति जांजगीर द्वारा निलियम कॉलोनी जांजगीर में तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ सुश्री कांति यादव प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सिवनी के मुख्य आतिथ्य ,श्रीमती मनीषा गोपाल जिला योग महिला प्रभारी जांजगीर की अध्यक्षता, श्रीमती चंद्र किरण सोनी सोशल मीडिया प्रभारी , श्रीमती सरिता ठेठवार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ । अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर धूप दीप प्रज्जवलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया । योग शिविर का संचालन श्रीमती चमेली साहू जिला महामंत्री पतंजलि योग समिति ने किया। योग से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है साथ में मन व चित्त प्रफुल्लित रहता है उक्त उद्गार मुख्य अतिथि की आसंदी से प्राचार्य यादव ने व्यक्त की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महिला जिला प्रभारी योग समिति श्रीमती मनीषा गोपाल ने कहा करे योग रहे निरोग, यह आयोजन पूरी तरह से नि:शुल्क है योग से अधिकांश बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है,नियमित योग कर स्वस्थ बने रहिए।आप लोगों को हरिद्वार पतंजलि योग पीठ से प्रशिक्षित द्वारा योग कराया जा रहा है जिसका लाभ अधिक से अधिक संख्या में लेकर लाभान्वित हो। 23 जनवरी को इस संबंध में और जानकारी प्रदान करने राज्य महिला प्रभारी सुश्री जया मिश्रा का आगमन हो रहा जिनके द्वारा शारदा मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई है। योग की शुरूआत योगिंग जागिंग से श्रीमती चमेली साहू द्वारा कराया गया ।योग शिविर में श्रीमती चंदा कैवर्त, श्रीमती सविता देवी, श्रीमती सरिता द्विवेदी, श्रीमती नंदनी, श्रीमती रेनु कुजुर,श्रीमती सरस्वतीदेवी, श्रीमती नंदनी बनर्जी, श्रीमती पार्वती कश्यप,श्रीमती सरिता राठौर, श्रीमती सविता कश्यप , श्रीमती जानकी यादव, श्रीमती सुलेखा वैष्णव ,श्रीमती सविता राठौर श्रीमती यशोदा, श्रीमती नीलू राठौर,स्वाती, सविता साहू,निलीमा आनंद सहित अधिसंख्य उपस्थित रहे।

## सशिमं नरियरा में वार्षिकोत्सव 27 को

**नरियरा ।** सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में इस सप्ताह दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार 27 जनवरी को विद्यालय का वार्षिक उत्सव आयोजित होगा, जबकि बुधवार 28 जनवरी को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना है। वार्षिक उत्सव के अवसर पर अमर सुल्तानिया, शत्रुहन राठौर और देवभूषण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगा। इस दौरान विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके अगले दिन बुधवार 28 जनवरी को दोपहर 1 बजे सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## गीतों से भारतीय संस्कृति का महत्व बताया

**रिगनी-खरौद।** न्यू ब्रिलियंट स्कूल, कटौद में बसंत पंचमी का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को पीले रंग के गुब्बारों, फूलों और सजावटी सामग्री से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। प्रधान पाठक खगेश्वर प्रसाद कश्यप, लक्ष्मीबाई कश्यप सहित विद्यालय परिवार के सदस्यों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा संपन्न की। इसके बाद विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने सांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुति दी, जिसमें भारतीय संस्कृति और शिक्षा के महत्व को दर्शाया गया। छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने पीले परिधान पहनकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर प्रधान पाठक खगेश्वर प्रसाद कश्यप ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, कला और संस्कृति का पर्व है।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सुरेंद्र कुमार राठौर पिता श्री सुमेरु प्रसाद राठौर, चांपा, जिला - जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ़, यह शपथ करता हूं कि अपना पुराना नाम को त्यागकर नया नाम सुरेंद्र राठौर पिता श्री सुमेरु प्रसाद राठौर रख लिया हूं, अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुरेंद्र राठौर पिता श्री सुमेरु प्रसाद राठौर के नाम से ही जाना पहचाना जावे ।

**सुरेन्द्र राठौर**

407, लायंस क्लब चौक, वार्ड 20, राठौर पैथो. लैब., चांपा जिला - जांजगीर - चांपा, छत्तीसगढ़ 495671




## कार को चपेट में लेकर पलटा तेज रफ्तार ट्रक

**जांजगीर।** गोविंदा गांव के बस स्टैंड मोड़ के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद अनियंत्रित ट्रक बिजली के खंभे को तोड़ते हुए खेत में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान की बात कही जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के ट्रक चालक शराब के नशे में था और तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक कलेंडर विमोचन विधायक ने की



**जांजगीर चांपा ।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला-जांजगीर-चाम्पा द्वारा गत 17 जनवरी को कर्मचारी भवन नहरिया मार्ग जांजगीर में नव वर्ष 2026 का वार्षिक कलेंडर का विमोचन ब्यास कश्यप विधायक जांजगीर-चाम्पा के मुख्य आतिथ्य में एवं अध्यक्षता डॉ. काशी प्रसाद राठौर वरिष्ठ चिकित्सक चाम्पा, विशिष्ट अतिथि रविन्द्र राठौर, श्री राम लाईफ इंश्योरेंश चाम्पा एवं दिलीप कुमार चतुर्वेदी प्रांतीय कार्यकारिणी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात हुआ तत्पश्चात् स्वागत की श्रृंखला में ब्यास कश्यप विधायक, डॉ. काशी प्रसाद राठौर, रविन्द्र राठौर एवं रामकिशोर शुक्ला का स्वागत साल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर किया गया।

संघ की जिलाध्यक्ष महेश राठौर ने समस्त अतिथियों एवं समस्त पेंशनरों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं पेंशनरो की उपस्थिति पर प्रसन्नता प्रकट की उन्होनें पेंशनरो को केन्द्र के समान महंगाई राहत देने और अन्य मांगो को पूर्ण कराने विधानसभा में रखने की बात कही। विशिष्ट अतिथि श्री रविन्द्र राठौर ने श्री राम फाइनेन्स इंश्योरेंश की कई योजनाओं की जानकारी दी, उन्होनें पेंशनरो को अपनी बचत राशि को सही जगह में निवेश करने की सलाह दी। ब्यास कश्यप विधायक ने उपस्थिति की सराहना की और कहा कि सभी बुजूर्गो का मैं हृदय से प्रणाम करता हूं। आप लोगों के मंहगाई भत्ता एंव अन्य सुविधाओं के बारें शासन का ध्यान आकृष्ट कराउंगा आप लोग जो मांग करेगे उसें पूरा करने का मैं प्रयास करूगां। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. काशी प्रसाद राठौर वरिष्ठ चिकित्सक चांपा ने कहा कि आज की उपस्थिति देखकर मैं बहुत खुश हूं। सभी सिनियर पेंशनरों का एक जांच शिविर करवाने की बात कही। आप लोग कभी भी अपनी समस्या बताइयें मैं उचित इलाज के लिये सलाह दूंगा, सभा को व्ही.एस. परिहार, रामकिशोर शुक्ला, गोवर्धन राठौर, दिलीप चतुर्वेदी, अर्जुन राठौर, राजेश तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में आर.एन. राठौर, अर्जुन लाल राठौर, लखन थावईत, अमरनाथ राठौर, विजय कुमार राय, चद्रं प्रकाश राठौर, रामसजीवन मिश्रा, भीषम प्रसाद हंसोलिया, विजय कुमार शुक्ला, फूलसाय रोहिदास, सीताराम भुवनें, बलराम चद्रां, मुनेश्वर सिंह चद्रां, आर.एल. साहू, डी.पी.चद्रां, आर.पी. शर्मा, चंदू लाल यादव, सुकुल प्रसाद पटेल, डी.आर. बानी, काशी प्रसाद पाण्डेय, चम्पा प्रसाद राय सागर, एम.एल कश्यप, माधव प्रसाद पाण्डेय, आर. के. शुक्ला, अशोक कुमार सूर्यवंशी, ईतवारी प्रसाद यादव, कलेश्वरनाथ श्रीवास, वफातू खा, तुलेश्वर प्रसाद साहू, दरस राम राठौर, वृजभान सिंह, मूलचंद देवांगन, रामस्वरूप राठौर, हरिशंकर चन्द्रा, काशीराम श्रीवास, जे. एस. चंदेल, बद्री प्रसाद सूर्यवंशी, एम.एल. तिवारी, आर.डी. साहू, ब्यास सिंह चंदेल जी, रोशन लाल पटेल, सुरेन्द्र राठौर, भरतलाल पाण्डेय, रमेश कुमार शर्मा, चन्द्रहास मिश्रा, अंबिकेश दत्त पाण्डेय, गोवर्धन राठौर, दाऊ लाल राठौर, रामआश्रय यादव, गोपाल आदित्य, शंकरलाल कटकवार, श्रीमती कल्याणी कटकवार, रामकुमार यादव, जीवनलाल चन्द्रा, राजेश तिवारी, प्रताप सिंह चन्द्रा, वी.पी. साहू, नोखराम टेकाम, रघुनाथ राठौर, वाई.आर. बाघमारे आदि बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री.जी.एस. उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन आर. के. द्विवेदी ने की।

प्रेषक महेश राठौर,अध्यक्ष

## किसान मोर्चा के प्रवक्ता पांडेय पहुंचे धान खरीदी केन्द्र, कृषकों से ली जानकारी



**जांजगीर चांपा ।** भाजपा छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्री पहुंचकर वहाँ उपस्थित किसानों से बातचीत की। खरीदी केन्द्र के प्रभारी ने उन्हें बताया कि लगभग 70 किसानों के आवेदन आये है उन्हें टोकन जारी किया जाना है। उपस्थित किसानों को इंजीनियर पाण्डेय ने आश्वस्त किया कि सरकार अपनी वादे के अनुरू प हर एक किसानो का धान खरीदेगी और बचे हुए आवेदन पर सहकारिता सत्यापन पश्चात आनलाइन प्रविष्ट कर टोकन जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता ने वहाँ उपस्थित कई किसानों का आभार जताया जिनके जिस रकबे मे धान नही बेचा जा रहा है उसे शासन को समर्पित किए है। उन्होंने बताया कि रकबा समर्पण अभियान का मुख्य उद्देश्य धान खरीदी की पारदर्शिता रखते हुए बिचैलियों पर रोक लगाना। इस योजना का वास्तविक लाभ वास्तविक जरूरतमंदो को मिल सके। उन्होंने किसानों की जागरूकता की भूरी-भूरी प्रशंसा किया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि रकबा समर्पण केवल वर्तमान सत्र के लिए है और इसका असर अगले वर्ष के रिकार्ड पर नहीं पड़ेगा। इंजीनियर पाण्डेय ने किसानों को आश्वस्त किया कि 31 जनवरी तक प्रदेश के समस्त किसानों का धान की खरीदी शासन कर लेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के किसान और खरीदी केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## अनमोल वचन......

इन सवालों का अक्सर जवाब दें आप क्या कर रहे हैं? आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? यह कहाँ जा रहा है?

# गिग वर्कर यूनियनों की मांगे

जब गिग वर्क का चलन तेजी से बढ़ रहा हो, इस काम में लगे श्रमिकों के लिए कामकाज की अपेक्षाकृत अधिक मानवीय परिस्थितियां सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। गिग वर्कर यूनियनों की बाकी मांगों पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए।

ऐप के जरिए वस्तुओं की दस मिनट के अंदर डिलीवरी के चलन को रुकवाने के लिए केंद्र सरकार ने उचित हस्तक्षेप किया है। इसका नतीजा तुरंत सामने आया। केंद्रीय श्रम मंत्री के साथ ब्लिंकिट, जेप्टो, स्विजी, जमैटो आदि ऐप्स की संचालक कंपनियों के अधिकारियों की हुई बैठक में दस मिनट के अंदर डिलीवरी को रोकने पर सहमति बनी। इन कंपनियों का दावा था कि दस मिनट के अंदर डिलीवरी सुनिश्चित करवाने के लिए उन्होंने बड़ी संख्या में अतिरिक्त वेयरहाउस खोले और अधिक संख्या में डिलीवरी ब्वॉयज की सेवा ली, मगर घर-घर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों की नई बनी यूनियनें इस बात से सहमत नहीं थीं। इसीलिए बीते 25 और 31 दिसंबर को जब उन्होंने हड़ताल का आयोजन किया, तो उसमें एक प्रमुख मांग थी कि दस मिनट की शर्त को खत्म किया जाए।

उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय श्रम मंत्रालय को ज्ञापन दिया, जिस पर श्रम मंत्री ने स्वागत-योग्य पहल की। जिस दौर में गिग वर्क का चलन तेजी से बढ़ रहा हो, इस काम में लगे श्रमिकों के लिए कामकाज की अपेक्षाकृत अधिक मानवीय परिस्थितियां सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। गिग वर्कर यूनियनों ने इस संबंध कई और खास मांगें सामने रखी हैं। चूंकि ऐप संचालक कंपनियों ने उन पर विचार करने का कोई संकेत अपनी तरफ से नहीं दिया है, इसलिए अपेक्षित होगा कि सरकार अपनी ये पहल आगे बढ़ाए।

गौरतलब है कि यूनियनों ने न्यूनतम किस्म की मांगें ही रखी हैं। उनमें यह शामिल नहीं है कि गिग वर्करों को कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। सिर्फ ऐसा हो जाए, तो इन कर्मियों को कई कानूनी सुरक्षाएं मिल जाएंगी। ब्रिटेन में न्यायिक निर्णय से ऐसे कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा मिला था। फिलहाल भारत में मांग यही है कि वर्कर्स को उचित कमीशन मिले, डिलीवरी संबंधी सख्त समयसीमा हटाई जाए और कर्मचारियों को सेवा से हटाने (उनके ऐप को डिसएबल करने) से पहले उनका पक्ष सुना जाए। इनमें एक मांग अब पूरी हुई है। इससे गिग वर्करों को राहत मिलेगी। मगर उनके कामकाज की परिस्थितियों को बेहतर एवं मानवीय बनाने के लिए उनकी बाकी मांगों पर भी गौर किया जाना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पारिवारिक काम को पूरा करने में आपको घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है। आप दोस्त की मदद के लिये हमेशा तैयार रहेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे। सेहत के लिहाज से दिन ज्यादा अच्छा रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते काम रुक सकता है। आज जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। माता-पिता के आशीर्वाद से आज सभी बाधाओं को दूर करने में आप सक्षम रहेंगे। आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये आइडियाज़ आते रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिये आज का दिन अच्छा है। साथ ही जो छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं, वे किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

**कर्क राशिः** आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है, आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है, पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते में भी भरपूर मधुरता रहेगी।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुडे हैं, उनके लिये दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं।

**कन्या राशिः**आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। नौकरी करने वाली महिलाओं के लिये भी दिन बढ़िया रहेगा, बॉस और अन्य सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिये वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। कन्या के लिये आपको सुयोग्य वर मिलने के योग हैं। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिये दिन बहुत-सी तरक्की दिलाने वाला रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज प्रसिद्धि मिलेगी । आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ बितायेंगे। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकते हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर रिश्ते बने रहेंगे। घरेलू कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ़ होगी, आपके अच्छे व्यवहार से प्रभावित होगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे।

**मीन राशि :**आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी जरूरत है। किसी भी तरह की लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा।

# गणतंत्र दिवसः गौण होते गण का पर्व

//डॉ. सुधीर सक्सेना//

**गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। एक महान पर्व। इसे हमें सगर्व और सोल्लास मनाना चाहिये। यह औपनिवेशिक-दासता से मुक्ति के करीब ढाई साल के बाद उस ऐतिहासिक प्रसंग से जुड़ा है, जब हमारे नव-स्वतंत्र महादेश ने सार्वभौमिकता अख्तियार की। इस दिन हमारा अपना संविधान लागू हुआ। राजवंश समाप्त हुये। राजे-महाराजे भूतपूर्व की तालिका में वर्गीकृत हुये। गणतंत्र का उदय हुआ। हमारा अपना संविधान लागू हुआ, एक ऐसा संविधान जो गहन-विमर्श और विचार-मंथन के उपरांत अस्तित्व में आया था। संविधान सदाशयी, समदर्शी और सामासिक था। उसमें कोई खोट न था। उसके लिए सब समान थे।**



ऊंच-नीच, जाति-धर्म, गरीब-अमीर, अस्पृश्य-सवर्ण, सबल-निर्बल, स्त्री-पुरुष, गारे-काले में कोई भेद नहीं। यह जनगण का संविधान था। इसमें, किसी व्यक्ति, समुदाय या युति की नहीं, वी द पीपुल की निर्विवाद और घोषित महत्ता थी। यह हम भारत के लोगों की एक महान लोकतांत्रिक राष्ट्र रचने के स्वप्न और संकल्प की अभिव्यक्ति थी। उसकी पृष्ठभूमि में तरल और सान्द्र अनुभूतियों का सागर लहराता था। वह सबको समान अधिकार, सबको समान अवसर और सबके उत्थान का घोषणा पत्र था। यकीनन यह इतिहास में पहली बार हो रहा था। इस नाते वह क्षण गौरवशाली था, जब हमारा संविधान लागू हुआ। छब्बीस जनवरी का दिनांक इतिहास के फलक पर सुनहरी इबारतों में अंकित हुआ।

हमारी संविधान निर्मात्री सभा में तपप्यूत जनों का बाहुल्य था। अधिकांश का व्यक्तित्व स्वतंत्रता-संग्राम की आग में तपे कुन्दन सरीखा था। महात्मा के प्रभामंडल का आलोक ओरछोर व्याप्त था। लक्ष्य स्पष्ट था। संविधान ने बरबस कोटि-कोटि भारतीयों के लिये निर्दिष्ट की ओर बढ़ने की न सिर्फ पीठिका रची, बल्कि उन्हें प्रेरणा, परिवेश, अवसर और संबल भी प्रदान किया। हम आगे बढ़े। अघातों और अवरोधों के बावजूद। स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा, आराम हराम है। नये औद्योगिक तीर्थ स्थापित हुये। हरित और श्वेत क्रांति हुई। भारत ने अंतरिक्ष युग में प्रवेश किया। परमाणु विस्फोट से वह महाशक्तियों के क्लब में शरीक हुआ। निर्गुट आंदोलन ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दी। बीसवीं सदी का समूचा उत्तरार्द्ध भारत के चतुर्मुखी विकास और उत्थान का अदभुत कालखंड था। और यह संभव हो सका था हमारे अनूठे संविधान की बदौलत। अर्द्धशती के इस अंतराल में भारतीय प्रतिभाओं ने सारे विश्व को चमत्कृत किया। यकीनन इससे भारत का मान बढ़ा और विश्व के तमाम राष्ट्रों में भारत के प्रति आदर और प्रशंसा का भाव निर्मित हुआ। भारत में विभिन्न धर्मों और जातियों के सह-अस्तित्व ने वैश्विक स्तर पर भारत की अनूठी और आकर्षक छवि निर्मित की। बीती दहाइयों में हमने हमने शीर्ष पदों पर महिलाओं, दलितों और अल्पसंख्यकों को बैठे देखा। इनमें लौह महिला श्रीमती इंदिरा गाँधी ने नया इतिहास रचा और डॉ. एपीजे कलाम जीते-जी भारत रत्न से सम्मानित हुये। किस्सा कोताह यह कि हमारा संविधान हमारी ताकत बना और उसने इस महादेश के मेरुदण्ड को सीधा और सुदृढ़ रखने के साथ-साथ धमनियों और शिराओं में रक्त के प्रवाह को कायम रखा। ऐसा नहीं है कि तीन चौथाई सदी में विकृतियां नहीं पनपीं। देश की परखनली में जब-तब अंतःक्रियाओं से मटमैला अवक्षेप भी उपजा, लेकिन वह कभी भी देश की एकता, अखंडता और सार्वभौमिकता के लिये खतरा नहीं बन सका। यकीनन सत्ताधीशों से गलतियाँ तो हुई, लेकिन उनकी सदाशयता कभी संदेह के घेरे में नहीं आई।

हाँ, हमने एक बड़ी गलती जरूर की कि हमने नागरिकता-बोध और सेक्यूलर मनस विकसित नहीं किया। हमने विभेदकारी, तंग जेहन और मजहबी तत्वों की जड़ों में मट्ठा नहीं डाला। फलतः उसमें कल्ले फूटते गये और उनका तेजी से पनपना जारी रहा।

कुछ देर को हम समय के गलियारे में उलटे पांव चलें। संविधान-सभा की बहसों और कार्यवाही को याद करें। संविधान-निर्माताओं के मन में आशंकायें कम नहीं थीं। डॉ. अंबेडकर और उनके सहयोगी भविष्य के खतरों को बूझ रहे थे। सभा के सदस्यों ने जब-तब अपनी चिंताओं का इजहार भी किया था। स्वयं डॉ. अंबेडकर को डर था कि कहीं अच्छा संविधान बुरे हाथों में न चला जाये। पंथनिरपेक्षता को अपनाने के पीछे गहन चिंतन और इतिहास के गूढ़ सबक का हाथ था। संविधान ने सभी पंथों व धर्मों को सम्मान व स्वतंत्रता दी और किसी एक को न तो वरीयता दी और न ही किसी को राजकीय धर्म घोषित किया। यह वक्त का तकाजा था और भविष्य में सर्वांगीण विकास की आधारशिला भी। यह इस महादेश में फासीवाद को रोकने की पेशकदमी भी थी। गौरतलब है कि आजादी से पहले ही 24 जनवरी, सन 47 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की सदारत में अल्पसंख्यकों समेत नागरिकों के मौलिक अधिकारों से संबंधित प्रावधान तय करने के लिये सलाहकार समिति का गठन किया गया था, जिसने अपनी रिपोर्ट में जोर देकर कहा था कि देश में समता का अधिकार होना चाहिये, छुआछूत शोषण और भेदभाव की समाप्ति होनी चाहये। एतदर्थ सरकार की ओर से किसी नागरिक के विरुद्ध धर्म, जाति, वर्ग या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जायेगा। रपट में कहा गया था कि छुआछूत को हर हाल में खत्म किया जायेगा और इसमें किसी भी असमर्थता को बरतना अपराध समझा जायेगा। आज के परिदृश्य को देखें तो चिंता का तब का औचित्य समझ में आता है। संविधान सभा की सारगर्भित कार्यवाही को देखें। सदस्य-द्वय प्रमथ रंजन ठाकुर और सैयद अब्दुल रऊफ ने जो कहा था, वह वक्त की कसौटी पर सही उतर रहा है। सदाशयता, सौजन्य और शालीनता का दायरा सिमटा है और दुराशयता, हिंसा और घृणा का विस्तार बेरोकटोक जारी है।

जेमिमा रोड्रिग्स और डॉ0 इनार्मुरहमान के प्रकरण क्या दर्शाते हैं। आज हम घृणा और विद्वेष के विषाक्त वातावरण में जी रहे हैं। इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़े जा रहे हैं। आदमी न हुआ, कबर बिज्जू हो गया। वृहत्तर समाज के धार्मिक-सांस्कृतिक उत्सव राजकीय पर्व हो गये हैं। दशा हम देख रहे हैं और दिशा भयावह है। बोगदे का सिरा अराजकता के कुहासे में खुलता है। चिंतनीय यह भी है कि आज गणतंत्र में गण लगातार गौण होता जा रहा है और तंत्र शक्तिशाली। और तो और गण के अनुकूल होने के विपरीत तंत्र स्वेच्छाचारिता की ओर बढ़ रहा है। अतीत में खतरनाक और जहरीली प्रवृत्तियों को इग्नोर या अनदेखा करना भारी पड़ा है। ऐसे में गांधी फिर-फिर याद आते हैं। उनका ताबीज अभी खोया नहीं है। गांधी के सबक और संविधान हमें बचा सकते हैं। अलबत्ता यह आसाँ नहीं, दुश्वार है, मगर हमें संविधान को बचाना होगा। उसमें इस महादेश की आत्मा प्रतिबिंबित है। गणतंत्र दिवस इसी समवेत संकल्प का दिवस है। सदियों बाद अनगिन त्याग और बलिदान से उदित हमारा गणतंत्र अक्षुण्ण रहे, यही हमारा दायित्व है।

# तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले कमजोर है भाजपा

//अजीत द्विवेदी//

**पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले माहौल पूरा गरम है। केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने आजमाए हुए दांव के तौर पर चुनाव से ठीक पहले प्रदेश की भाजपा विरोधी पार्टी यानी तृणमूल कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसियों के दम पर परेशान करने लगी है तो दूसरी ओर ममता बनर्जी अपनी आदत के मुताबिक सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रही हैं और टकराव को नए मुकाम तक ले जा रही हैं। लेकिन अगर वस्तुनिष्ठ तरीके से देखें और पश्चिम बंगाल में भाजपा की ताकत व कमजोरी का आकलन करें तो पता चलेगा कि ताकत के नाम पर भाजपा के पास सिर्फ नैरेटिव है। उसके पास न तो बहुत मजबूत संगठन है, न मजबूत नेता हैं और न भाषा व संस्कृति के जरिए राजनीति को प्रभावित करने की सलाहियत है। इन सबमें वह तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले कमजोर है।**

भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की राजनीति का नैरेटिव है, जिसका बहुत प्रभावी तरीके से वह राजनीतिक इस्तेमाल करती है। इस नैरेटिव का व्यावहारिक पहलू घुसपैठिए हैं। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद दोनों की राजनीति घुसपैठियों के दम पर ही चलने वाली है। भाजपा का आरोप है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को फ्री पास दे रखा है। केंद्र सरकार कहती है कि ममता बनर्जी की सरकार जमीन नहीं देती है ताकि सीमा पर बाड़ेबंदी हो सके। यह भी आरोप है कि ममता बनर्जी की वजह से पश्चिम बंगाल की जनसंख्या संरचना बदल रही है। मुस्लिम आबादी बढ़ रही है। कई जिलों में हिंदू अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं। हिंदुओं को अपने धार्मिक त्योहार मनाने से रोका जाता है। पूजा करने, पंडाल बनाने और विसर्जन के लिए सरकार के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों की अनुमति लेनी होती है।

दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर कब्जा करके जो करना होता है वह करते हैं। भाजपा की सरकार बनी तो वह इस स्थिति को बदलेगी। घुसपैठ रोकेगी और राज्य में रह रहे तमाम घुसपैठियों की पहचान करके उनको बाहर निकालेगी। हालांकि दूसरे राज्यों में भाजपा के रिकॉर्ड को देखते हुए कहा जा सकता है कि इस नैरेटिव के पीछे आंकड़ों का कोई मजबूत आधार नहीं है। आखिर 10 साल उत्तर प्रदेश में और 11 साल हरियाणा में रहने के बाद भी भाजपा वहां घुसपैठियों का मुद्दा बना रही है। 10 साल सत्ता में रहने के बाद असम में भी घुसपैठ का ही मुद्दा है। वह किसी भी राज्य को घुसपैठ से मुक्त नहीं कर सकी। तभी यह नैरेटिव झारखंड में बुरी तरह से फेल हुआ था।

बहरहाल, भाजपा की सीमाओं या कमजोरियों की बात करें तो भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में उसके लिए हमेशा समस्या रही है। यह समस्या नेतृत्व से जुड़ी हुई है। ऐसा लगता है कि भाजपा का मौजूदा नेतृत्व इस बात को समझ नहीं रहा है या समझ रहा है तो इस जिद में है कि मोदी और शाह जब पूरे देश में जीत रहे हैं तो बंगाल कैसे नहीं जीत सकते हैं। अगर दोनों नेता यह जिद छोड़ दें और वस्तुनिष्ठ आकलन करें तो पता चलेगा कि भाषायी अस्मिता वाले किसी भी राज्य में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने जीत नहीं दिलाई। भाषायी अस्मिता वाले राज्यों या भाषा के आधार पर बने राज्यों में भाजपा को प्रादेशिक नेताओं ने ही जीत दिलाई। भाषा के आधार पर बने राज्यों में भाजपा को पहली जीत गुजरात में मिली थी। भले मंदिर आंदोलन से माहौल बना हुआ था और उस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लालकृष्ण आडवाणी गुजरात के थे फिर भी 1995 की वह जीत अटल बिहारी वाजपेयी या लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी ने नहीं दिलाई थी, बल्कि केशुभाई पटेल, शंकर सिंह वाघेला, कांशीराम राणा, नरेंद्र मोदी, संजय जोशी आदि नेताओं की मेहनत के दम पर मिली थी। ऐसे ही 1995 की ही महाराष्ट्र की जीत वाजपेयी, आडवाणी और जोशी की तिकड़ी की नहीं थी, बल्कि बाल ठाकरे, गोपीनाथ मुंडे, प्रमोद महाजन आदि की थी।

2008 में कर्नाटक की जीत भी भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की नहीं, बल्कि बीएस येदियुरप्पा की थी। भाषा के आधार पर बने दूसरे राज्यों में भाजपा इसलिए कामयाब नहीं हो पाई है क्योंकि वहां उसके पास मजबूत नेता नहीं हैं और राष्ट्रीय नेतृत्व वहां की भाषा और संस्कृति के राजनीतिक पहलू को साधने में सफल नहीं हो पा रहा है। पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की यह बड़ी कमजोरी है।

भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में कामयाबी के लिए पहली जरुरत मजबूत स्थानीय नेता की है या फिर किसी मजबूत गठबंधन की है। असम भी भाषायी अस्मिता वाला राज्य है लेकिन वहां बांग्लादेशी घुसपैठ की वजह से भाजपा ने पहले ही पैर जमा लिए थे और बाद में असम गण परिषद का साथ उसको मिल गया। धीरे धीरे असम गण परिषद अप्रासंगिक होती गई और भाजपा सबसे बड़ी ताकत बन गई। हालांकि अब भी उसे अगप के साथ साथ बीपीएफ और यूपीपीएल जैसी पार्टियों की जरुरत पड़ती है।

बांग्लादेश में उसके पास न तो बहुत मजबूत स्थानीय नेतृत्व है और न किसी पार्टी के साथ उसका गठबंधन है। तभी वह नैरेटिव की ताकत पर राजनीति कर रही है। उसके पास केंद्र की सरकार है, मीडिया की ताकत है, अथाह पैसा है, राजभवन का भी राजनीतिक इस्तेमाल करने में भी कोई हिचक नहीं है तो वह माहौल बना देती है। लेकिन सिर्फ माहौल बना कर बंगाल में चुनाव नहीं जीता जा सकता है। जमीन पर ममता बनर्जी के संगठन की ताकत का मुकाबला करने वाली ताकत भाजपा के पास नहीं है।


ममता बनर्जी ने लेफ्ट पार्टियों के मोर्चे की तरह बिल्कुल नीचे तक अपना संगठन बनाया है और अपने कैडर को मजबूत किया है। उनको आर्थिक रूप से सक्षम और मजबूत बनाया है। दूसरी ओर भाजपा अपने नेताओं के प्रयोग करती रही और अंत में ममता बनर्जी की पार्टी के ही शुभेंदु अधिकारी के सहारे लड़ना शुरू किया। उसको लग रहा है कि पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों की तरह ही वह बंगाल में भी कर लेगी। जैसे असम में हिमंत बिस्वा सरमा या त्रिपुरा में माणिक सरकार या अरुणाचल में पेमा खांडू हैं

वैसे ही शुभेंदु अधिकारी बंगाल में नेता बन जाएंगे। लेकिन ममता बनर्जी के रहते यह आसान नहीं दिख रहा है। तभी माना जा रहा था कि अगर ईडी की छापेमारी को बाधित करने के मामले में राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता तो ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़तीं। उनके लोग कमजोर होते और जमीन पर लड़ने की ताकत घटती। लेकिन वह नहीं हुआ है। सो, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार के नैरेटिव पर भाजपा चुनाव लड़ेगी। नैरेटिव की ताकत उसे एक सीमा तक ले जा सकती थी। वहां तक भाजपा पहुंच गई है। उसके आगे जाने के लिए ठोस और व्यावहारिक राजनीतिक ताकत की जरुरत है, जो अभी भाजपा के पास नहीं दिख रही है।

## तस्वीरों की दुनिया



जम्मू और कश्मीर के गुलमर्ग में, ताज़ी बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी ऑफिस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मनाली में बर्फबारी के कारण हाईवे बंद होने के बाद टूरिस्ट गाड़ियां हाईवे पर फंसी रहीं।



उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ।



उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस से पहले लखनऊ पहुंचने पर केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश नारायण सिंह के साथ नई दिल्ली में डीपीएस मथुरा रोड में सालाना स्पोर्ट्स डे सेलिब्रेशन में हिस्सा लिया।

# कांग्रेस में शकील अहमद का कड़ा वार: राहुल गांधी को बताया 'डरपोक और असुरक्षित', सियासी गलियारों में आया भूचाल

**नईदिल्ली, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

पूर्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे शकील अहमद ने शनिवार को राहुल गांधी को डरपोक और असुरक्षित नेता करार देते हुए आरोप लगाया कि वह केवल उन युवा नेताओं को बढ़ावा दे रहे हैं जो पार्टी में उनका गुणगान करते हैं यानी उनकी चापलूसी करते हैं। शकील अहमद पूर्व केंद्रीय मंत्री और पार्टी के महासचिव रह चुके हैं। 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। वह तीन बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके हैं। वह 2000 से 2003 तक बिहार प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भी रहे। अहमद ने कहा कि राहुल गांधी वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में खुद को असहज महसूस करते हैं, खासकर जिनकी जनता पर अच्छी पकड़ है। इसलिए वह सिर्फ उन्हीं लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं जिनका कोई आधार नहीं है। उन्होंने राहुल को तानाशाही और गैर-लोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि वह कांग्रेस के वरिष्ठ सहयोगियों की बात नहीं सुनते और ऐसा सोचते है कि पार्टी अपनी राष्ट्रीय मौजूदगी के कारण दूसरे स्थान से नीचे नहीं जा सकती। पूर्व कांग्रेसी नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने जब कांग्रेस के अध्यक्ष थे, तब अमेठी हार गए



थे। उन्होंने कहा कि वह अपने पूर्वजों और परिवार की परंपरागत सीट को भी अपने रवैये के कारण नहीं जीत सके। अहमद ने कहा- राहुल गांधी एक कायर और असुरक्षित व्यक्ति हैं। वह किसी भी वरिष्ठ व्यक्ति या बड़ा सार्वजनिक रुतबा रखने वाले व्यक्ति के सामने बॉस फीलिंग नहीं महसूस करते। वह किसी ऐसे व्यक्ति के साथ असहज होते हैं और इसलिए तानाशाह और गैर-लोकतांत्रिक हैं। वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि उन्हें बिहार में एसआईआर के दौरान किसी का नाम मतदाता सूची से हटाने का दावा नहीं मिला।भाजपा ने अहमद के बयान का हवाला दे राहुल पर जोरदार हमला बोला।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा- शकील अहमद ने राहुल गांधी की असलियत को उजागर किया है। राहुल गांधी दिखाते हैं कि वह सबसे सहिष्णु और लोकतांत्रिक व्यक्ति हैं, लेकिन वास्तविकता कुछ और है। वह सबसे तानाशाही व्यक्ति हैं और उनके पास वही आपातकालीन मानसिकता है जो इंदिरा गांधी के पास थी। अहमद के इस दावे पर कि उन्हें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान किसी मतदाता का नाम हटाने का दावा नहीं मिला, पूनावाला ने गांधी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने अपनी पार्टी की चुनावी हार का दोष दूसरों पर डालने के लिए वोट चोरी के आधारहीन आरोप लगाए।

# बंगाल में सरस्वती पूजा पंडालों में दिखी एसआईआर थीम आम लोगों को हो रही परेशानी को किया गया उजागर




**कोलकाता, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

बंगाल में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद के बीच सरस्वती पूजा के पंडालों में भी एसआईआर की थीम नजर आई। कोलकाता के बालीगंज साइंस कालेज में विद्या की देवी की सालाना पूजा को एक तीखे राजनीतिक विमर्श में बदल दिया गया है, जिसमें छात्रों ने पूजा की सजावट को 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल के सबसे ज्यादा विवादित मुद्दों में से एक का रूप दिया है। इस पूजा पंडाल की कलाकृति के केंद्र में एक गहरा, ब्लैक होल जैसा बैकड्रॉप है, जिस पर दर्जनों फैले हुए हाथ दस्तावेजों को पकड़े हुए हैं- स्कूल के प्रवेश पत्र, पहचान पत्र व अन्य प्रमाण पत्र। जो छात्रों द्वारा वर्णित एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आम लोगों को अमान्य बना दिए जाने का प्रतीक हैं। ऊपर कई प्रतीकात्मक फंदे लटके हुए हैं, जो इस प्रक्रिया से जुड़े भय और मानसिक तनाव के कारण कथित आत्महत्याओं की ओर एक स्पष्ट संकेत हैं।

नाम न बताने की शर्त पर न्यूरोसाइंस के द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने कहा, हम चिंता, अपमान और मिटा दिए जाने की भावना को दिखाना चाहते थे। यह पूजा हमारी प्रार्थना है कि यह उत्पीड़न तुरंत बंद हो जाए।पंडाल में एक तरफ हरे रंग की जर्सी भी लटकी है जिस पर 250 लिखा है, जो सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के बार-बार दोहराए जाने वाले चुनावी लक्ष्य को दर्शाती है। दूसरी तरफ, भगवा रंग की जर्सी पर प्रश्नचिह्न बना है, जो भाजपा और राजनीतिक परिणाम को लेकर अनिश्चितता का स्पष्ट संकेत है। उधर, दक्षिण कोलकाता के बेहला इलाके में प्रतिद्वंद्वी छात्र समूहों के बीच एक कालेज में सरस्वती पूजा समारोह पर नियंत्रण को लेकर झड़प हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।हालात इतने बिगड़ गए कि स्थानीय टीएमसी विधायक और पार्षद रत्ना चटर्जी को तनाव कम करने के लिए मौके पर पहुंचना पड़ा। पुलिस ने शांति बहाल करने से पहले कई छात्रों को हिरासत में लिया।

# कुशीनगर से हटाए गए 33 पुलिसकर्मियों में 27 का तबादल रद, HC ने दिया आदेश



**गोरखपुर, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

पशु तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई में लापरवाही के आरोप में घिरने के बाद कुशीनगर जिले से हटाए गए 33 पुलिसकर्मियों में 27 का तबादला हाईकोर्ट ने रद कर दिया है। राहत मिलने के बाद 11 पुलिसकर्मियों ने लाइन में आमद करा ली है। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में इन्हें ज्वाइन कराया गया है, जबकि शेष प्रकरणों में विभागीय जांच जारी है।15 सितंबर की रात पिपराइच के महुआचाफी गांव में नीट की तैयारी कर रहे छात्र दीपक गुप्ता का पशु तस्करों ने अपहरण के बाद हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में बड़ी कार्रवाई हुई थी। गोरखपुर में निलंबन और कुशीनगर में एक साथ 33 पुलिसकर्मियों को हटाकर लाइन हाजिर किया गया था। इनमें दो निरीक्षक, कई उपनिरीक्षक, चौकी प्रभारी, मुख्य आरक्षी और आरक्षी शामिल थे। बाद में अधिकांश का दूसरे जिलों में तबादला कर दिया गया था। इस कार्रवाई के विरुद्ध 27 पुलिसकर्मियों ने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दाखिल की थी।सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि जिन गलत गतिविधियों और क्रियाकलापों का हवाला देकर तबादले किए गए, उनके समर्थन में कोई ठोस और स्पष्ट आधार प्रस्तुत नहीं किया गया। इसी आधार पर 27 पुलिसकर्मियों के तबादले को रद कर दिया गया। कोर्ट के आदेश के बाद उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, गौरव कुमार शुक्ल और पवन कुमार सिंह के अलावा मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, विनोद कुमार गुप्ता शामिल हैं।

# अब सीईओ को बीएलओ पर सीधी कार्रवाई का अधिकार, चुनाव आयोग ने लिया अहम फैसला

**कोलकाता, 25 जनवरी [एजेंसी]।**




आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने की दिशा में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एक अहम प्रशासनिक फैसला लिया है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के खिलाफ सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें आयोग से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि केवल की गई कार्रवाई की सूचना आयोग को देनी होगी। आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सीईओ जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) या निर्वाचक निबंधन अधिकारी (ईआरओ) की रिपोर्ट के आधार पर अपने स्तर पर निर्णय ले सकते हैं। इस दायरे में लापरवाह बीएलओ को निलंबित करना, विभागीय जांच शुरू करना और गंभीर मामलों में एफआइआर दर्ज कराने जैसे कदम शामिल हैं। अब तक ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय चुनाव आयोग के स्तर पर लिया जाता था, जिससे कार्रवाई में अक्सर देरी होती थी। इसीलिए जरूरी था बदलाव आयोग के आकलन में सामने आया है कि एसआईआर जैसे संवेदनशील कार्यों में कई स्थानों पर बीएलओ स्तर पर लापरवाही और अनियमितताएं हुई हैं। केंद्रीकृत निर्णय प्रक्रिया के कारण दोषी अधिकारियों पर समय रहते कार्रवाई संभव नहीं हो पा रही थी। नए आदेश से राज्य स्तर पर जवाबदेही तय होगी और चुनावी मशीनरी में अनुशासन मजबूत होगा।

पुरानी व्यवस्था में यह थी अड़चन अब तक बीएलओ पर प्रत्यक्ष कार्रवाई का अधिकार जिला स्तर पर डीईओ या ईआरओ के पास था, लेकिन सीईओ स्तर से सीधे हस्तक्षेप के लिए अक्सर केंद्रीय चुनाव आयोग से निर्देश या अनुमति की औपचारिकताएं जुड़ी रहती थीं। इससे निर्णय प्रक्रिया लंबी हो जाती थी। नए आदेश में सीईओ को पूर्ण स्वायत्तता दी गई है। वे रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई कर सकेंगे और बाद में आयोग को सूचित करेंगे। तृणमूल कांग्रेस विधायक पर प्राथमिकी दर्ज उधर, मुर्शिदाबाद जिले में फक्का से तृणमूल कांग्रेस विधायक मणिरुल इस्लाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन पर आरोप है कि कुछ दिन पहले उन्होंने मतदाता सूची के ड्राफ्ट पर आपत्तियों की सुनवाई के दौरान एक केंद्र पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर तोड़फोड़ और हंगामा किया था। एसआइआर की सुनवाई के दौरान हुई हिंसा के मामलों में कार्रवाई में देरी को लेकर चुनाव आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। सूत्रों के अनुसार, दो जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) की शिथिलता से आयोग असंतुष्ट है।

# निपाह अलर्ट: कोलकाता के अलीपुर जू में चमगादड़ों के सैंपल की जांच शुरू, अब तक दो नर्स संक्रमित



**कोलकाता।** बंगाल में निपाह वायरस के मामलों की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनआईएमआर) की टीम ने कोलकाता के अलीपुर प्राणि उद्यान (जू) में चमगादड़ों के रक्त और स्वैब नमूने एकत्र कर आरटी-पीसीआर जांच शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, एनआइएमआर की विशेषज्ञ टीम ने गुरुवार और शुक्रवार तड़के चिड़ियाघर परिसर में मौजूद चमगादड़ों से नमूने लिए। यह कार्य सुबह-सवेरे पूरा किया गया, ताकि आम लोगों की आवाजाही से पहले जांच की प्रक्रिया संपन्न हो सके। कोलकाता में अलीपुर चिड़ियाघर में चमगादड़ों की पर्याप्त संख्या पाई जाती है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुरोध पर वन विभाग से विशेष अनुमति लेकर यह सैंपलिंग की गई। परीक्षण भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) और राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) के सहयोग से किए जा रहे हैं। वन्यजीव मुख्य संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक संदीप सुंदरीयाल ने बताया कि चमगादड़ों को पकड़ने के लिए विधिवत अनुमति ली गई थी और सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। चिड़ियाघर के खुलने से पहले ही टीम ने काम पूरा कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, जांच रिपोर्ट आने में कुछ दिन लग सकते हैं। शनिवार को विशेषज्ञों की टीम नदिया जिले में भी चमगादड़ों के नमूने एकत्र करेगी।

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मां वैष्णो देवी के दरबार में टेका माथा, देश की समृद्धि की कामना की



**कटड़ा, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ मां वैष्णो देवी के पावन दरबार में हाजिरी लगाई। त्रिकूट पर्वत पर स्थित माता रानी के भवन पहुंचकर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और देश में सुख-समृद्धि, शांति तथा जनकल्याण की कामना की। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान शनिवार दोपहर करीब एक बजे कटड़ा पहुंचे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। इसके बाद वह परिवार सहित मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुए।

भवन पहुंचकर उन्होंने माता रानी के चरणों में श्रद्धापूर्वक माथा टेका और देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। दर्शन उपरांत चिराग पासवान शाम को आधार शिविर कटड़ा लौटे और वहां से जम्मू के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे, जिन्होंने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। केन्द्रीय मंत्री के दौरे को लेकर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच उनकी यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दर्शन के बाद चिराग पासवान ने श्राइन बोर्ड द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

## उज्जैन के तराना में रातभर उपद्रव पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ा

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के तराना में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उपद्रवियों ने कई स्थानों पर पत्थरबाजी और आगजनी की। पुलिस ने बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ा। शनिवार की सुबह प्रशासन ने स्थिति पर पूरी तरह काबू पा लिया। दिनभर शांति रही। एहतियातन बाजार बंद रहे। सिर्फ पेट्रोल पंपों को चालू किया गया।सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात है। डीआइजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा दिनभर तराना में मौजूद रहे। बता दें कि तराना में गुरुवार शाम बजरंग दल के कार्यकर्ता साहिल ठाकुर पर मुस्लिम युवक सलमान बेग व उसके साथियों ने हमला कर दिया था। इसके बाद तराना सुलग उठा था। लोगों ने बसों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी थी। प्रतिक्रिया में दूसरे समुदाय के लोगों ने भी आगजनी की।

# दिल्ली का सदर बाजार: जलभराव, कीचड़ और जाम से जूझता एशिया का सबसे बड़ा बाजार



**नईदिल्ली, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

किराड़ी के शर्मा कालोनी समेत अन्य कालोनियों में सीवर जाम से जलभराव और गदंगी की समस्या सुर्खियों में है। ऐसा ही कुछ मामला एशिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक सदर बाजार का भी है। जहां हर वर्षा में कुछ वैसी ही स्थिति हो जाती है।जहां फुटपाथ से लेकर कमोबेश सभी सड़कों पर जलभराव के साथ कीचड़ की समस्या गंभीर बनी हुई है और यह कई दिनों तक बनी रहेगी। वर्षा में अधिकांश बाजारों में जलभराव हो गया तो अब कीचड़ फैला हुआ है। जो दलदल जैसी स्थिति पैदा करता है। कई लोग फिसलकर चोटिल होते हैं। यह स्थिति दशकों से है, लेकिन समस्या के समाधान को लेकर अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं हुए हैं। शनिवार को कुतुब रोड से तेलीवाड़ा तक कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, साथ ही कीचड़ फैला हुआ है। इसी तरह, नाला रोड पर टूटे रोड, ओवरफ्लो सीवर और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। प्रकाश वाली गली, रूई मंडी जैसे बाजारों में भी सड़क पर मोटा गाद बिछा हुआ है।फेडरेशन आफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन (फेस्टा) के अध्यक्ष राकेश यादव के अनुसार, यह स्थिति वर्षों से है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। वह कहते हैं कि कई गलियों की सीवर लाइनें दशकों पुरानी है।

साथ ही नीचे क्षेत्रों में जलभराव की समस्या अधिक है।सदर बाजार से रेलवे स्टेशन तक डिवाइडर, फुटपाथ पर अवैध पार्किंग व ई-रिक्शा ने सड़कें संकरी कर दी हैं, जिससे दिनभर जाम लगा रहता है। मुख्य बाजार, रूई मंडी, तेलीवाड़ा, समेत सभी बाजारों में अतिक्रमण के चलते सड़कें गायब होने लगी है। वर्ष 2024 में दीपावली में यहां इसके चलते भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसमें महिलाएं और बच्चे दब गए थे।एक अनुमान के अनुसार सदर बाजार में 10 हजार से अधिक अवैध रेहड़ी-पटरियां लगती है, जिसपर भी रोकथाम के कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं। जिसके चलते जाम और छेड़छाड़, चोरी, जेब कटने समेत अन्य घटनाएं खूब होती है।

# भोजशाला में शांतिपूर्ण आयोजन के बाद पुलिसकर्मियों ने किया नृत्य, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



**धार, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला में वसंत पंचमी पर शुक्रवार को पूजा और दूसरे समुदाय द्वारा नमाज पढ़ने का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर दूसरे दिन शनिवार को पुलिस कर्मियों ने नृत्य कर खुशी मनाई। बता दें कि भोजशाला में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पूरे दिन पूजा और नमाज के समय नमाज का आयोजन हुआ।व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग आठ हजार पुलिस बल की तैनाती प्रस्तावित की गई थी, लेकिन उस समय करीब सात हजार पुलिस जवान ही तैनात किए जा सके थे, जबकि भीड़ अपार थी। पुलिस कर्मियों ने तनावमुक्त होने के लिए शनिवार को पुलिस लाइन परिसर में नृत्य कर उत्साह का प्रदर्शन किया। पुलिस कर्मियों द्वारा किया गया यह नृत्य तनाव से मुक्ति की सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया है। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। वीडियो में पुलिस कर्मियों की सेवा भावना, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की सराहना की जा रही है। लगातार ड्यूटी, फ्लैग मार्च और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद शहर में शांति बनाए रखने में पुलिस की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस बल को लंबी ड्यूटी के बाद शनिवार को धार पुलिस लाइन में विशेष भोज दिया गया। इस भोज के दौरान कुछ जवानों ने नृत्य किया। यह विभाग की ओर से आयोजन नहीं था। ड्यूटी बांटने के लिए लगाए गए स्पीकर पर किसी ने गाने लगा लिए होंगे। विभाग द्वारा केवल खाना दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भोजशाला में वसंत पंचमी पर हिंदू समाज ने दिन भर पूजा की जबकि जुमे की नमाज के समय मुस्लिम समुदाय ने प्रशासन की देखरेख में नमाज पढ़ी। अब नमाज को लेकर आपत्ति की गई है।कमाल मौलाना वेलफेयर सोसायटी के सदर व सुप्रीम कोर्ट में मामले के याचिकाकर्ता अब्दुल समद ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने डमी नमाज करवाई है। इसके लिए कुछ ऐसे लोगों को ले जाया गया, जो धार के स्थानीय निवासी नहीं थे। यह लोग भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े हुए हैं। समद ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि उनके समाज के 13 लोगों को बंदी बनाकर रखा गया था।इस मामले में समाज के जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं याचिकाकर्ताओं से किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं किया गया। हमने हमेशा प्रशासन को सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि विरोध करना उनका संवैधानिक अधिकार है और इस पूरे मामले में वह न्यायालय की शरण लेकर कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।प्रशासन द्वारा कोर्ट के आदेश की अवमानना की गई है। जिस स्थान पर नमाज करवाई गई वह भोजशाला का परिसर नहीं है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने प्रशासन को गलत जानकारी दी है। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि वसंत पंचमी पर सारे कार्य उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के जज का बड़ा सवाल, सरकार के खिलाफ फैसला देने पर ही जजों का तबादला क्यों? कॉलेजियम पर कही ये बात

**पुणे।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने हाईकोर्ट के जजों के तबादलों में कार्यपालिका (सरकार) के कथित दखल पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अगर जजों को सरकार के खिलाफ दिए गए फैसलों के कारण इधर-उधर किया गया, तो इससे न्यायपालिका की साख को नुकसान पहुंचेगा। पुणे के आईएलएस ला कॉलेज में एक व्याख्यान के दौरान जस्टिस भुइयां ने सवाल उठाया कि किसी जज को सिर्फ इसलिए दूसरे हाईकोर्ट में क्यों भेजा जाए, क्योंकि उसने सरकार के खिलाफ कुछ असुविधाजनक आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा असर पड़ता है।हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन जस्टिस भुइयां की टिप्पणी अक्टूबर 2025 में उस घटनाक्रम पर इंगित थी, जिसमें कालेजियम ने जस्टिस अतुल श्रीधरन को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से स्थानांतरित करके छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट भेज दिया गया था। जस्टिस भुइयां ने साफ कहा कि जजों की नियुक्ति और तबादले में कार्यपालिका की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। तबादलों का इस्तेमाल जजों को सजा देने के औजार के रूप में नहीं किया जा सकता। उन्होंने हाल के एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जब कॉलेजियम किसी जज के तबादले के प्रस्ताव में केंद्र सरकार के अनुरोध को दर्ज करता है, तो यह एक स्वतंत्र संवैधानिक प्रक्रिया में सरकार के दखल को दिखाता है।

# आश्चर्य...! बिहार में शराबबंदी और बांका में मिला एक करोड़ रुपये का शराब

## पशिचम बंगाला, यूपी, झारखंड, समस्तीपुर व मुजफ्फरपुर से भी जुड़ा मामला



**बांका, 25 जनवरी [एजेंसी]।**

भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर पश्चिम बंगाल से बांका के रास्ते गोरखपुर ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप को पुलिस ने जब्त किया है। तलाशी के दौरान ट्रक से विभिन्न ब्रांडों की कुल 10,372.50 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत एक करोड़ रुपये मूल्य पुलिस ने अनुमान लगाया गया है।जानकारी के अनुसार राज्य मुख्यालय की सूचना के आधार पर तथा एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा के निर्देश पर भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में हंसडीहा की ओर से आ रहे ट्रक को बाराहाट थाना के समीप रोका गया। मौके से मुजफ्फरपुर जिले के दाइदोल बैंगन चौक, थाना सकरा निवासी ट्रक चालक अनिल कुमार (23 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी। कहां सप्लाई होनी थी और इस तस्करी नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं। जब्त शराब के बाद एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा बाराहाट थाना पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की है। थानाध्यक्ष महेश कुमार, पुलिस उप-निरीक्षक सूरज सिंह, प्रभाकर कुमार, हरेंद्र कुमार शर्मा सहित थाना पुलिस बल व होमगार्ड के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

भागलपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर धौनी बाजार के पास पुलिस ने शनिवार को भूसा लोडेड 12 चक्का ट्रक से आठ हजार लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब जब्त की है। ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार ट्रक में भूसा के अंदर शराब को छुपाकर झारखंड से समस्तीपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इंद्रजीत बैठा के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी में यह सफलता पाई है। एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड से शराब की एक बड़ी खेप भागलपुर की ओर जा रही है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम में शामिल थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार,अपर थानाध्यक्ष रवि कुमार,एसआई संजय कुमार सिंह सहित अन्य ने धौनी बाजार के पास घेराबंदी की। पुनसिया के पास पुलिस ने ट्रक को रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर चालक ट्रक को तेज रफ्तार में लेकर भागने लगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं की नई पहलः बुजुर्गों के लिए राज्य का पहला वृद्धजन देखभाल केंद्र बना मिसाल

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और जनोपयोगी बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे ये प्रयास न केवल सराहनीय हैं, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनते जा रहे हैं। इन्हीं नवाचारों की कड़ी में कोरिया जिला एक बड़ी उपलब्धि के रूप में राज्य के पहले वृद्धजन देखभाल केंद्र (एल्डरली केयर सेंटर) के संचालन के कारण चर्चा में है।



स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित यह वृद्धजन देखभाल केंद्र 1 अक्टूबर 2025 से निरंतर कार्यरत है। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जिले के बुजुर्ग नागरिकों को समर्पित, समग्र और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। बढ़ती उम्र के साथ आने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यहां विशेष रूप से ऐसी सुविधाएं विकसित की गई हैं, जो वृद्धजनों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बना सकें। इस केंद्र में बुजुर्गों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सामान्य रोगों के साथ-साथ उम्र से जुड़ी बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ों के दर्द, हड्डियों की कमजोरी और हृदय संबंधी समस्याओं की नियमित जांच की जाती है। इसके अलावा केंद्र में फिजियोथैरेपी सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं, जिससे बुजुर्गों की शारीरिक सक्रियता बनी रहे और वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। वृद्धजन देखभाल केंद्र की एक विशेषता यहां उपलब्ध आयुष चिकित्सा सेवाएं हैं। आयुर्वेद, योग और अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से बुजुर्गों को सुरक्षित और दीर्घकालिक लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही जरूरतमंद वृद्धजनों के लिए पुनर्वास सेवाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे बीमारी या दुर्घटना के बाद वे पुन: सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र में काउंसलिंग सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं। अकेलापन, अवसाद और पारिवारिक उपेक्षा जैसी समस्याओं से जूझ रहे बुजुर्गों को यहां भावनात्मक सहारा और मार्गदर्शन मिल रहा है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे समाज से दोबारा सक्रिय रूप से जुड़ पा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास 'स्वस्थ वृद्धजन, सशक्त समाज' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। जिले में इस केंद्र के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया जा रहा है कि बुजुर्ग समाज का बोझ नहीं, बल्कि अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं। कोरिया जिले में शुरू की गई यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी का भी सशक्त उदाहरण है।



## केंद्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ का किया निरीक्षण, कार्यप्रणाली की सराहना

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय में अवर सचिव हिटलर सिंह ने 23 जनवरी 2026 को अपने हसदेव प्रवास के दौरान केंद्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, साफ सफाई और कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण से पूर्व अवर सचिव हिटलर सिंह ने चिकित्सालय के सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से परिचय प्राप्त किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने चिकित्सालय की कार्यशैली पर संतोष व्यक्त करते हुए उसकी सराहना की और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाये रखने के लिये आवश्यक सुझाव भी दिये। इस अवसर पर कोयला मंत्रालय से मानस पॉल और चेतन गौड़ उपस्थित रहे वहीं एसईसीएल मुख्यालय से अनिल कुमार (मुख्य प्रबंधक, खनन) भी कार्यक्रम में शामिल हुए। हसदेव क्षेत्र की ओर से क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज कुमार बिश्नोई और क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत कर अगुवाई की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लवलेश गुप्ता द्वारा किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कोल इंडिया के अपर सचिव हसदेव एरिया के महाप्रबंधक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फॉसिल्स पार्क का भी दौरा किया और उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इसी क्रम में वार्ड पार्षद स्वप्निल सिन्हा और विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने अधिकारियों के समक्ष नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि नेहरू पार्क शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में से एक है जिसका विकास होने से नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी। वार्ड पार्षद स्वप्निल सिन्हा और विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव की मांग पर उच्च अधिकारियों ने जल्दी ही विचार करके उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

**सोनहत जनपद पंचायत प्रदेश में अव्वल**

## मनरेगा श्रमिकों की 100 प्रतिशत ई- केवाईसी पूर्ण



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की वनांचल क्षेत्र स्थित जनपद पंचायत सोनहत ने मनरेगा के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोनहत जनपद पंचायत ने पंजीकृत श्रमिक परिवारों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह पूरे प्रदेश की पहली जनपद पंचायत बन गई है, जहाँ मनरेगा के सभी पंजीकृत श्रमिक परिवारों का ई-केवाईसी कार्य पूरा हो चुका है। मनरेगा से बीवीजी रामजी योजना की ओर बढ़ते हुए, योजनाओं में पारदर्शिता लाने और तकनीकी उपयोग को सशक्त करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके अंतर्गत मनरेगा में पंजीकृत प्रत्येक श्रमिक परिवार के सभी सदस्यों का आधार आधारित ई-केवाईसी किया जा रहा है, जिससे ऑनलाइन पोर्टल पर आधार अनुसार दैनिक उपस्थिति दर्ज की जा सके। कोरिया जिले में लगभग 90 हजार पंजीकृत श्रमिक हैं। इनमें से जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत 23,273 पंजीकृत श्रमिकों के आधार कार्ड उपलब्ध थे। इन सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश की 146 जनपद पंचायतों में ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सोनहत जनपद पंचायत ने सबसे पहले लक्ष्य पूर्ण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक जायसवाल ने बताया कि शत प्रतिशत ई-केवाईसी के लिए पूर्व नियोजित कार्ययोजना बनाकर ग्राम पंचायत स्तर पर लगातार निगरानी की गई। रोजगार सहायकों एवं पंचायत पदाधिकारियों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया, जिससे सभी ग्रामीण श्रमिकों को समय पर ई-केवाईसी से जोड़ा जा सका।

## वीबी जी राम जी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास होगा

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन बैकुण्ठपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के तहत जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। अतिथियों ने भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विकसित भारत जी राम जी के प्रदेश सह प्रभारी डॉ.राजीव सिंह, जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला सहकारी बैंक सरगुजा उपाध्यक्ष जगदीश साहू, भूतपूर्व जिलाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अनिल साहू, राजेश सिंह, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य संगीता सोनवानी, जनपद उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, ईश्वर राजवाड़े, शारदा गुप्ता, प्रदीप तिवारी, पूर्व जिला महामत्रीं विनोद साहू, जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, गणेश यादव उपस्थित रहें। विकसित भारत प्रदेश सह प्रभारी डॉ.राजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं से क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, विकसित भारत जी राम जी योजना से ग्रामीण क्षेत्र का समग्र विकास होगा, इस योजना से स्थानीय स्तर पर कौशल विकास, लघु उद्योग और स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार के नए अवसर मिलेगा।

जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह ने कहा कि, विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि, विकसित भारत जी राम जी योजना जनजागरण अभियान को घर-घर जनसम्पर्क कर प्रचार-प्रसार करना है और सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य सुनिश्चित करें। वीबी जी राम जी टोल के प्रदेश सदस्य कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, विकसित भारत जी राम जी बिल लोकसभा व राज्य सभा में पूर्ण बहुमत के साथ पारित हुआ है, वीबी जी राम जी एक्ट के तहत ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कार्य में तेजी आएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि, विकसित भारत जी रामजी योजना के माध्यम से जिले के दूरस्थ अंचलों तक ग्रामीण क्षेत्रों का तकदीर व तस्वीर बदलेगा। उन्होंने कहा कि, वीबी जी राम जी योजना से जनता को नए रोजगार के अवसर मिलेगा और उनकी आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। कार्यक्रम में जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, सह प्रभारी राकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, संजय चिकनजूरी, राजाराम राजवाड़े, मैनेजर राजवाड़े, किशोर सिरदार, महामंत्री रमन गुप्ता, सत्यम साहू, सचिदानंद द्विवेदी, रवि त्रिपाठी, मुन्ना चक्रधारी, सुशीला साहू, राकेश पैकरा, सुरेश सिरदार, सुरेश राजवाड़े, सचिन मलिक, रामाशंकर सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, महामंत्री पुष्पा राजवाड़े, ममता कुशवाहा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, जिला महामंत्री मनोज साहू, साक्षी सिंह राजपूत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, जिला महामंत्री जय चक्रधारी, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, जिला महामंत्री अहिल्या राजवाड़े, सुरेन्द्र कुशवाहा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, जिला महामंत्री लहरे सोनवानी, विक्की सारथी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, जिला महामंत्री कमलेश एक्का, राय सिंह, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अशरफ खान सहित भाजपा जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केन्द्र संयोजक -सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष - सचिव भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास में सेवा का सशक्त संदेश



**मनेन्द्रगढ़।** चैनपुर स्थित एकलव्य वनवासी बालक छात्रावास में उस समय खुशी का माहौल बन गया जब राजस्थान भवन न्यास स्टेशन रोड मनेन्द्रगढ़ की ओर से बच्चों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। छात्रावास में अध्ययनरत लगभग 40 विद्यार्थियों के लिये 12 गद्दा और 6 सीलिंग फैन प्रदान किये गये जिससे उनके रहने और पढ़ने का वातावरण और अधिक सहज और अनुकूल हो सकेगा। गर्मी के मौसम में सीलिंग फैन और विश्राम के लिये गद्दों की व्यवस्था बच्चों के लिये किसी राहत से कम नहीं थी। सामग्री प्राप्त करते समय बच्चों की आंखों में उत्साह और चेहरे पर मुस्कान यह दर्शा रही थी कि छोटी-छोटी सुविधाएं भी उनके जीवन में कितना बड़ा बदलाव ला सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान भवन न्यास सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष श्याम सुंदर पोद्दार ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है बल्कि बच्चों को सम्मानजनक जीवन परिस्थितियां देना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वनवासी अंचलों के बच्चों को अवसर मिले, यही समाज की सच्ची प्रगति है। न्यास के संरक्षक रघुनाथ पोद्दार और पवन गोयल ने सेवा कार्यों की निरंतरता पर जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति और संस्था को आगे आकर ऐसे प्रयासों में सहभागी बनना चाहिये। इस अवसर पर विजय गाड़ोदिया, सोहन पोद्दार, पवन गोयल, आनंद सराफ, पंकज गोयल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वनवासी संस्था की ओर से जगदंबा अग्रवाल, हरभजन, विनोद शुक्ला और प्रभात वर्मा ने राजस्थान भवन न्यास के इस सहयोग को बच्चों के भविष्य के लिये महत्वपूर्ण बताते हुए आभार जताया। कार्यक्रम में छात्रों के साथ शिक्षकगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश के साथ हुआ की जब समाज साथ खड़ा होता है तो संसाधनों की कमी भी बच्चों के हौसलों को रोक नहीं पाती है।

# स्व. विजय शर्मा की स्मृति में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान सराहनीय : महापौर संजू देवी

कोरबा । ऊर्जानगरी कोरबा को स्वच्छ, सुंदर और पूर्ण विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की मुहिम में पत्रकार साथियों का हर संभव सहयोग सदा ही मिलता रहा है। जिनकी स्मृति में यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कोरबा में पत्रकारिता के आधार स्तंभ रहे विभूति, स्व. विजय शर्मा से मुझे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला। उनसे भेंट और चर्चाएं भी हुई, बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने एक छोटे से कस्बे से कोरबा जिला बनते देखा। मुझे खुशी है कि इस मंच पर मैं आप सभी में उन्हीं के विकासशील विचारों को देख रही हूं। कोरबा की पत्रकारिता में स्व. शर्मा के विकासपरक विचारों की झलक देख हर्षित और गर्वित हूं।उक्त कथन शुक्रवार 23 जनवरी को कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित प्रतिभावान बच्चों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं नगर पालिक निगम कोरबा की कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहीं। वरिष्ठ पत्रकार एवं कोरबा प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व. विजय शर्मा की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य सपरिवार सम्मिलित हुए और होनहार बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, दूसरी बार निर्विरोध पार्षद एवं भाजयुमो



उपाध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, पार्षद पंकज देवांगन, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर मंच पर उपस्थित रहे और प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर निगम कोरबा के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि आज मां सरस्वती के पूजन का दिन है। स्व. विजय शर्मा मेरे पिता तुल्य हैं। बचपन में उनसे मिली सीख का ही परिणाम है जो मैं आज इस पद पर पहुंचा हूं। उन्हीं के दिखाए रास्ते पर चलकर कोरबा की पत्रकारिता और कोरबा प्रेस क्लब आज ऐसे मजबूत आधार पर है, जो पूरे प्रदेश में कोरबा की पत्रकारिता एक अलग पहचान हासिल की है।कोरबा नगर निगम के उप सभापति, वरिष्ठ पार्षद एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने कहा है की मैं अभिभूत हूं, जो कोरबा में पत्रकारिता के प्रतिबिंब रहे ऐसे वरिष्ठ पत्रकार स्व. श्री विजय शर्मा की स्मृति में आयोजित प्रतिभावान बच्चों के सम्मान समारोह में शामिल होने का अवसर मिला। आप पत्रकार साथियों को लोकतंत्र के चतुर्त स्तंभ का गौरव प्राप्त है, जो निरंतर स्वयं ज्ञान को ग्रहण कर समाज में उजाला भरते हैं। हम सभी कोरबा वासी सौभाग्यशाली हैं जो हमारे जिले में आप जैसे ऊर्जावान, निर्भीक और ज्ञानवान पत्रकार कलम की बागडोर संभाल रहे हैं

## जिले में संचालित 70 बसों की फिटनेस जांच

**कोरबा ।** कोरबा जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल बसों की फिटनेस जांच अभियान चलाया गया। आरटीओ अधिकारी विवेक सिन्हा के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग और यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से 70 स्कूल बसों की जांच करी। जांच में कई बसों में खामियां पाई गईं, जैसे कि साफ-सफाई की कमी, फटी सीटें, खराब सीसीटीवी कैमरे, और हेल्प चाइल्ड लाइन नंबर की अनुपलब्धता आदि।

## विद्या, संस्कार और सृजन का संगम बना बसंत पंचमी का पर्व



**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** ऋतु परिवर्तन के साथ जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान का संचार करने वाला पावन पर्व बसंत पंचमी जिले में पूरे श्रद्धा भाव और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की आराधना कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसी क्रम में आमाखेरवा रोड स्थित आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट परिसर में बसंत पंचमी के अवसर पर विशेष पूजा और सांस्कृतिक वातावरण का सृजन किया गया। संस्थान परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया जहाँ पीले वस्त्र, पुष्प और प्रसाद के माध्यम से बसंत ऋतु का प्रतीकात्मक संदेश देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर विधिविधान से पूजा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक रमेश सोनी और सह संचालक श्रीमती संजू सोनी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी विद्यार्थियों के लिये आत्मचिंतन, लक्ष्य निर्धारण और ज्ञानार्जन का पर्व है। उन्होंने कहा कि पैरामेडिकल जैसे सेवा आधारित क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये विद्या के साथ संवेदनशीलता, अनुशासन और सेवा भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने माँ सरस्वती के प्रतीकों के माध्यम से ज्ञान, विवेक, विनम्रता और संयम के महत्व को सरल शब्दों में विद्यार्थियों के समक्ष रखा। विद्यार्थियों ने भी पूरे श्रद्धा भाव से पूजा में भाग लिया और माँ सरस्वती से परीक्षा, प्रशिक्षण और भविष्य के लिये सफलता की कामना की। इस आयोजन में शिक्षक सोहन यादव, शिक्षिका साक्षी मिश्रा, रिंकी सिंह, मनीषा सिंह सहित अंजली यादव, मानसी गुप्ता, नैंसी, पूजा, पार्वती, काजल, प्रिया पुरी, जागृति शुक्ला, अमन, सुषमा, राहुल, राजीव, शानू कुमार, आयुष, चांदकुमारी, रोशनी पनिका, संगीता, भुवनेश्वरी, मुस्कान, दीपक, ऋषभ, बिफना, प्रियंका, रागिनी एवं अन्य छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सामूहिक आरती, सरस्वती वंदना और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन ने संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सेवा भाव को और सुदृढ़ किया। पूरा परिसर श्रद्धा, अनुशासन और उल्लास से सराबोर नजर आया।

# मनरेगा में भ्रष्टाचार पर वार, 'वीबी जी राम जी योजना' से बदलेगा ग्रामीण भारत

**गांव मजबूत तो देश मजबूतः कोरबा में गूंजा विकसित भारत-जी रामजी का संकल्प**



**कोरबा।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के अंतर्गत कार्यों में वर्षों से चले आ रहे भ्रष्टाचार को समाप्त कर ग्रामीण श्रमिकों के हितों की प्रभावी रक्षा के उद्देश्य से वीबी जी राम जी योजना लागू की गई है। इस योजना की विस्तृत जानकारी आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं तक पहुँचाने हेतु जिला स्तरीय सम्मेलन (जन जागरण अभियान) का आयोजन टी.पी. नगर स्थित आशीर्वाद भवन में भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ संभाग प्रभारी रामू रोहरा , भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी , जिला प्रभारी अनिल केसरवानी, सह प्रभारी बृजेंद्र शुक्ला, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की गरिमामय उपस्थिति रही।बिलासपुर संभाग रामू रोहरा ने 'विकसित भारत जी रामजी योजना' की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जब ग्राम विकसित होगा, तभी राज्य और राष्ट्र विकसित होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर हाथ में काम, कार्य की गुणवत्ता, निगरानी एवं समीक्षा पर विशेष बल देते हुए विकसित भारत जी रामजी योजना को अधिनियम के रूप में लागू किया। इस योजना के माध्यम से मनरेगा की कमियों को दूर करते हुए आमजन की भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाया गया है , काम के अधिक अवसर दिए गए कार्य दिवस बढ़ाया गया।कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भी विकसित भारत जी रामजी योजना के गुणों एवं इसके दूरगामी लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल रोजगार नहीं, बल्कि श्रमिकों के सम्मान, समय पर मजदूरी और विकास में उनकी भागीदारी की गारंटी है।इस अवसर पर कोरबा जिले के भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रमजाल को समाप्त कर हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की दिशा में जी रामजी योजना इस लक्ष्य की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, जोगेश लांबा, नरेन्द्र देवांगन, पवन गर्ग, अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय शर्मा ने किया।साथ ही अजय विश्वकर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामनारायण सराफ, जिला पदाधिकारीगण, समस्त मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मोर्चा-प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जंगली सुअर का अवैध शिकार,चार पकड़ाए



**कोरबा।** कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जंगली सुअर के अवैध शिकार के मामले में वन विभाग ने बड़ी और त्वरित कार्यवाही की है। ग्राम लीमपानी (भदरापारा), ग्राम पंचायत बारीउमराव में जंगली सुअर के शिकार की सूचना पर वन विभाग की टीम ने दबिश देकर चार संदेहियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा हैं की मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम लीमपानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा जंगली सुअर का अवैध शिकार किया गया है। सूचना मिलते ही इस बाबत उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया। वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत के निर्देश तथा उपवनमंडलाधिकारी पाली हितेश कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी चैतमा दिनेश कुमार कुर्रे द्वारा एक विशेष टीम गठित कर तत्काल सर्च अभियान चलाया। गठित टीम ग्राम लीमपानी में एक ग्रामीण के घर पहुंची। ग्राम के पंचों की उपस्थिति में घर की तलाशी ली गई, जहां से लगभग 5 किलो जंगली सुअर का कच्चा मांस, जंगली सुअर का पुराना जबड़ा (2 नग), पैर (3 नग) बरामद किए गए। इसके अलावा शिकार में प्रयुक्त कुल्हाड़ी (2 नग), परसुल (1 नग), हंसिया (2 नग), सेट्रिंग तार के 4 बंडल और लकड़ी का गुटका भी जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान संदेही ने स्वीकार किया कि उसने पलमापहाड़ में फंदा लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया था। फंदे में फंसने से सुअर की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उसने ग्राम के ही तीन ग्रामीण के साथ मिलकर मौके पर ही जंगली सुअर को काटकर मांस आपस में बांट लिया और कुछ मांस पकाकर खा लिया। वन विभाग ने प्राप्त साक्ष्य, बयान, पंचनामा और जब्त सामग्री के आधार पर चारों को गिरफ्तार कर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 44, 48(क), 51 और 52 के तहत पी.ओ.आर. क्रमांक 32/01 दिनांक 22 जनवरी दर्ज किया। 24 जनवरी को उन्हें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पाली के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें 6 फरवरी 2026 तक न्यायिक अभिरक्षा में कटघोरा भेज दिया गया। मामले की विवेचना जारी है। इस कार्यवाही में परस राम पटेल (प.स. घुईचुवा), यशमन कुमार आडिल (प.स. चैतमा), कीर्ति कुमार तंवर (प.स. राहा) सहित परिसर रक्षक भीम पटेल, लक्ष्मी प्रसाद यादव और सुखमन कुमार पाटले आदि उपस्थित रहे।

## उत्पादन बढ़ाने कोल इंडिया डीटी ने किया गेवरा खदान का दौरा

**कोरबा।** एसईसीएल की खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने पूरा जोर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले की मेगा परियोजनाओं से अधिक से अधिक कोयला उत्पादन पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। अधिकारी लगातार मेगा परियोजनाओं का दौरा कर रहे हैं। कोल इंडिया डीटी ने गेवरा खदान का मुआयना किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोयला उत्पादन व प्रेषण बढ़ाने पर जोर दिया। कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक ने खनन और कोयला प्रबंधन कार्यों की व्यापक समीक्षा के लिए गेवरा मेगा परियोजना का दौरा किया। उनके साथ एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी-संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार भी मौजूद थे। दौरे के दौरान श्री घटक ने विभागीय और आउटसोर्सिंग क्षेत्रों, बेल्ट परिवहन प्रणाली, कोयला प्रबंधन संयंत्र (सीएचपी) का निरीक्षण किया। जिसमें परिचालन दक्षता सुरक्षा और प्रणाली विश्वसनीयता पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने उत्पादन, प्रेषण और अन्य प्रमुख कार्यात्मक अनुभागों की भी समीक्षा की। प्रदर्शन मापदंडों और कार्यप्रवाह एकीकरण का आंकलन किया।

## विकासखंड पाली के समस्त नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### ग्राम पंचायत चेपा


श्री रामकुमार मरावी
सरपंच

परदेशी राम टेकाम
सचिव

### ग्राम पंचायत डुगुपथरा


श्रीमती अमोला बाई
सरपंच

अशलेश कुमार डिक्सेना
सचिव

### ग्राम पंचायत हरनमुड़ी


श्रीमती मथुरा बाई जगत
सरपंच

मीना टेकाम
सचिव

### ग्राम पंचायत हरदीबाजार


श्री लोकेश्वर सिंह कंवर
सरपंच

बिसाहू सिंह राज
सचिव

### ग्राम पंचायत करतला
ज्योतिष सिंह खुसरो
सरपंच

छत्तर सिंह जगत
सचिव

### ग्राम पंचायत खम्हरिया
अनिता भारती
सरपंच

सूरज बंजारे
सचिव

### ग्राम पंचायत मुरली
श्री शंकर सिंह कंवर
सरपंच

संत कुमार मरकाम
सचिव

### ग्राम पंचायत नेवसा
श्रीमती शारदा देवी कंवर
सरपंच

रामाधार पटेल
सचिव

### ग्राम पंचायत निरधी
श्री छत्रपाल सिंह
सरपंच

रामकुमार टेकाम
सचिव

### ग्राम पंचायत नुनेरा
जागृति श्रोते
सरपंच

श्याम सुंदर
सचिव

### ग्राम पंचायत पोटापानी
श्री दिलराज मरकाम
सरपंच

कृष्णा लाल यादव
सचिव

### ग्राम पंचायत पुलालीकला
रस कुंवर कंवर
सरपंच

पुनीदास मानिकपुरी
सचिव

### ग्राम पंचायत पुटा
दिला राम नेताम
सरपंच

मो. जाकिर हुसैन
सचिव

### ग्राम पंचायत रैनपुर खुर्द
ईश्वरी कंवर
सरपंच

उदय सिंद्राम
सचिव

### ग्राम पंचायत रामपुर
हेतराम नेटी
सरपंच

राज नारायण धारी
सचिव

### ग्राम पंचायत रतिजा
कविता बाई कंवर
सरपंच

रामशरण सिंह
सचिव

### ग्राम पंचायत सगुना
गणेशी बाई पैकरा
सरपंच

पुरान सिंह
सचिव

### ग्राम पंचायत शिवपुर
ललिता बाई
सरपंच

संतोष राव
सचिव

### ग्राम पंचायत तालापार
रमा श्याम
सरपंच

प्रभा देवी टेकाम
सचिव

### ग्राम पंचायत उड़ता
मेलाराम कंवर
सरपंच

समार सिंह टेकाम
सचिव

## विकासखंड करतला के समस्त नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### ग्राम पंचायत करईनारा
श्री पवन सिंह कंवर
सरपंच

रूपेन्द्र सिंह
सचिव

### ग्राम पंचायत जामपानी
श्री राधेश्याम मांझी
सरपंच

श्री चैनु सिंह बिंझवार
सचिव

### ग्राम पंचायत सुपातराई
श्री ज्ञान सिंह
सरपंच

दशरथ मार्को
सचिव

### ग्राम पंचायत बरपाली
श्री भुनेश्वर कुमार बिंझवार
सरपंच

राजेन्द्र खाण्डे
सचिव

### ग्राम पंचायत गाड़ापाली
श्री अजय सिंह कंवर
सरपंच

ओम प्रकाश भास्कर
सचिव

### ग्राम पंचायत डोंगाआमा
गुलापी बाई राठिया
सरपंच

रूप सिंह पटेल
सचिव

### ग्राम पंचायत कथरीमाल
कौशिल्या उरांव
सरपंच

श्री जय नारायण कुर्रे
सचिव

### ग्राम पंचायत बोतली
खेमचंद जगत
सरपंच

श्री सियाराम यादव
सचिव

### ग्राम पंचायत उमरेली
सुकबाई कंवर
सरपंच

उदय मन्नेवार
सचिव

### ग्राम पंचायत कोटमेर
मुकेश कुमार राठिया
सरपंच

रामदयाल पटेल
सचिव

### ग्राम पंचायत चांपा
सेत कुमारी राठिया
सरपंच

विकास कुमार बरेठ
सचिव

### ग्राम पंचायत कल्गामार
नुकेश कुमार
सरपंच

अमित कुमार अग्रवाल
सचिव

# रन फॉर रिपब्लिक मैराथन में की भागीदारी, प्रीति और रॉय विजेता



**कोरबा।** देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम कोरबा जिले में किये जा रहे हैं। मुख्य समारोह से पहले कटघोरा में रन फॉर रिपब्लिक का आयोजन प्रशासन और पुलिस ने किया। महिला और पुरूष वर्ग में हुई इस दौड़ में प्रीति और राय सिंह प्रथम स्थान पर विजेता रहे। उनके सहित अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कुल 10 किमी की दूरी रन फॉर रिपब्लिक के लिए निर्धारित की गई। इस मैराथन की शुरूआत शहीद वीर नारायण चौराहा से की गई। लखनपुर बरभाठा से टोकन प्राप्त करने के बाद स्वामी आत्मानंद विद्यालय कटघोरा में मैराथन का समापन हुआ। भारतीय गणराज्य के महान पर्व को समर्पित इस मैराथन में अधिकारियों, कर्मचारियों, समाज सेवियों, विद्यार्थियों सहित अन्य लोगों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। कोई 10 किमी तक दौड़ने में सफल रहा तो कोई कुछ कम दूरी। इन सभी का उद्देश्य मैराथन में शामिल होने का था। मैराथन के रास्ते पर कई प्वाइंट बनाये गए। पारदर्शिता रखना इसका एक बिन्दू था। धावकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके मद्देनजर कुछ स्थानों पर पानी, ग्लूकोज और अन्य सामाग्री का प्रबंध किया गया।

**अधिकारियों की पहल से सफलता**

पहली बार बड़े स्तर पर आयोजित हुई रन फॉर रिपब्लिक के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई कि तमाम तरह की परिस्थितियों के बावजूद राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए। क्योंकि इसके जरिये ही हम है। इस आयोजन में एसडीएम तन्मय खन्ना, थाना प्रभारी डीएन तिवारी की पहल खास रही। डीएफओ कुमार निशांत, एसडीओपी विजय सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी की।

**ये रहे प्रतियोगिता विजेता**

रन फॉर रिपब्लिक मैराथन में महिला वर्ग में प्रीति भारद्वाज कटघोरा, अराधना कंवर, प्रियांशु कंवर, पुरूष वर्ग में रायसिंह श्याम, सुनील राज, दीपक राज, सोनू राज क्रमश:प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। आयोजन के लिए नरेंद्र ज्वेलर्स, गृहस्ती सुपर बाजार, एपी शॉपिंग मॉल, सिंघानिया ग्रुप, मुरली होटल और महाबली स्टोर ने सहयोग दिया।

## रिटायर्ड एएसआई के मकान में चोरी , 10 लाख का जेवरात पार

**कोरबा।** सीएसईबी कालोनी में अज्ञात चोरों ने रिटायर्ड एएसआई के सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी गए गहने बेटी और बेटे की शादी के लिए वर्षों से सहेजकर रखे गए थे। घटना की सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी का है। रिटायर्ड एएसआई गलेटबिन कुमार ने बताया कि वे परिवार सहित एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने पिथौरा गांव गए हुए थे। घर की देखरेख के लिए उन्होंने पड़ोसी और एक रिश्तेदार को चाबी दी थी। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब देर रात रिश्तेदार घर में सोने पहुंचा। मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखने पर पाया गया कि चोरों ने अलमारी तोड़कर उसमें रखे कीमती सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। चोरी गए जेवरात बेटी और बेटे की शादी के लिए तैयार कर रखे गए थे। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स ने घर के अंदर और आसपास से अहम साक्ष्य जुटाए जबकि डॉग स्क्वायड ने कॉलोनी और आसपास के इलाके में संदिग्धों की तलाश की।

## बांगो रोड पर इंटरसेप्टर से की वाहनों की जांच

**कोरबा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत कोरबा जिले में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। टीम ने इंटरसेप्टर से बांगो मार्ग पर वाहनों की जांच के साथ कार्रवाई भी की ।ट्रैफिक कि मैदानी टीम ने ओवर स्पीडिंग के साथ-साथ अंडर



पॉल्यूशन कंट्रोल, और अन्य मामलों की जांच पड़ताल की। इंटरसेप्टर कई प्रकार की तकनीकी से लैस है। इसमें मौजूद उपकरण वाहनों की गति सीमा के साथ-साथ दूसरे मामलों की पड़ताल शीघ्रता से करते हैं। लापरवाही बरतने वाले चालकों पर नियंत्रित करने सहित आणि संबंधित मामलों में निगरानी के लिए इंटरसेप्टर को लॉन्च किया गया है। इसमें उपलब्ध कराई गई एडवांस टेक्नोलॉजी इसे ज्यादा कारगर बनती है और पुलिस को उसके कार्यों में सहूलियत भी देती है। कोरबा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ तिवारी, नितिश ठाकुर, लखन पटले प्रतीक चतुर्वेदी के दिशा निर्देश पर डीएसपी ट्रैफिक डीके सिंह, इंस्पेक्टर तेज कुमार यादव, उपनिरीक्षक आरएन राष्ट्रे, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर, ईश्वर लहरें और उनकी टीम ने कार्य को संपादित किया।

## बकरियों के दल के साथ गांव में पहुंचा कोटरी का बच्चा

**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज के मोरगा क्षेत्र में कोटरी का बच्चा बकरियों के दल के साथ कल शाम भुलसी भवना नामक गांव में पहुंच गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग



के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और उसे अपने कब्जे में लेकर जंगल ले जाकर छोड़ दिया। अपने बच्चे को देख कोटरी की मां वहां पहुंची और उसे अपने साथ लेकर चली गई।

# परंपरा और संस्कृति के रंग उभरे वार्षिकोत्सव में




### आरएन पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

**कोरबा।** दीपका के पाली रोड स्थित आर.एन. पब्लिक स्कूल में वर्ष 2025-26 का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 24 जनवरी शनिवार भव्यता के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी सरस्वती माता के तेलचित्र पर द्वीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में सबसे पहले अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया । कार्यक्रम में नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा विभिन्न आकर्षक वेशभूषा के साथ एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने देश के विभिन्न प्रांतों की संस्कृति को नृत्य व अभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।कार्यक्रम में भूल भुलैया फिल्म की थीम पर आधारित मेरे ढोलना संगीत में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों के आत्मविश्वास और शानदार मंचीय प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि दीपका भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष रोहित राठौर ने कविता के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संचार किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता से होता है। इस अवसर पर दीपका वेलफेयर के सदस्य एस.डी. तिवारी, पत्रकार मनोज महतो एवं भाजपा नेता अभिषेक सिंह ने भी अपने विचार रखे और बच्चों को प्रोत्साहित किया। वहीं सब्याशाची नाग ने अपनी मधुर आवाज में गीत प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।कार्यक्रम में दीपका थाना के सहायक उप निरीक्षक जितेश सिंह, पत्रकार सुशील तिवारी, समाजसेवी आनंद राठौर, पूर्व पार्षद श्रीदेवी नायर, सिंपल मनी सिंह, मनप्रीत धनी सिंह, अचल श्रीवास्तव समेत नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संस्था के डायरेक्टर के पी नाग, सब्य शाची नाग, संस्था की प्राचार्य रेनू तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । स्कूल स्टाफ आफरीन खातून, अनीता पंकज, तारा तंवर, शिमला यादव, जावेदा बेगम, सरोज महंत, मीरा बरेठ, शारदा यादव, मुस्कान खातून, प्रीती शर्मा, प्रियंका समादार, विक्रांत साहू, हेमलता साहू, विजेंद्र पालेकर ने सहयोग दिया।संस्था की प्राचार्य रेनू तिवारी अभार जताया।

मकान बेचना है
जय भोले
आर.पी.नगर कोरबा में एल.आई.जी. डबल स्टोरी मकान बेचना है।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

## 31वां भगवती भंडारा 27 को हसदेव तट पर

**कोरबा।** वार्षिक परंपरा के अंतर्गत कोरबा के हसदेव आरती स्थल पर मां भगवती का विशाल भंडारा 27 जनवरी को सुबह 11.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का यह 31वां वर्ष होगा। मां भगवती जागरण मंडल और अपना घर सेवा आश्रम इसका आयोजन कर रहे हैं।

ऐसा पहली बार होगा जब आयोजन काफी विशाल स्वरूप में होगा। हस्तमती स्थल पर इसके लिए आयोजन समिति के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रबंध किए जा रहे हैं। आयोजन समिति में सैकड़ो की संख्या में सेवादार शामिल है जो यहां पर अपना योगदान देंगे। बताया गया कि 27 जनवरी को सुबह 10.00 बजे मां भगवती सर्वमङ्गला को 56 भोग लगाने की संभावित योजना है लेकिन इस संख्या में बढ़ोतरी के विकल्प को स्वतंत्र रखा गया है। वे अपनी श्रद्धा और रुचि से व्यंजन की व्यवस्था करेंगे और खुद इस अर्पित करेंगे। सुबह 11.00 से आम भंडारा की शुरुआत होगी। यह सिलसिला शाम तक जारी रहेगा। कार्यक्रम स्थल के नजदीक में ही भजन कीर्तन की प्रस्तुति भी होगी। स्थानि कलाकारों और भजन मंडलियों ने यहां पर कौशल दिखाना स्वीकार किया है। सामान्य व्यवस्थाओं के लिए भी लोग स्वस्फूर्त आगे आ रहे हैं। जानकारी दी गई की सूर्यास्त के पश्चात देवी की महा आरती सैकड़ो दीपकों के साथ की जाएगी। योजना के अंतर्गत न्यूनतम 151 दीप के साथ यह कार्यक्रम होगा। लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा भी होती है तो वे सभी इस आयाम में भागीदार बन सकेंगे। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह है और सैकड़ो लोग हर स्तर पर अपनी भागीदारी को लेकर समिति के संपर्क में है। की ओर से नगर और आसपास के लोगों से आग्रह किया गया है कि वह इस महा भंडारा और देवी की महा आरती में अपनी उपस्थिति जरूर सुनिश्चित करें।

## केराकछार में विचरण कर रहे 15 हाथी

**कोरबा।** 15 हाथियों का दल बीती रात कोरबा रेंज के केराकछार जंगल पहुंच गया है। हाथियों के इस दल को आज सुबह यहां विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच हाथियों की निगरानी में जुट गए है। हाथियों के दल में दो नन्हें शावक होने के कारण दल ज्यादा दूरी तय नहीं कर रहा है और एक-दो किमी चलने के बाद क्षेत्र में स्थित जंगल में डेरा डाल देता है। इससे पहले यह दल गेराव क्षेत्र में था।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com